## 1930C Marriage as a social concern A

These essays explore institution of marriage. Presented (by?) as the President's address to All India Digambar Jain Mahasabha.



श्रीवीतरागाय नमः 1

श्रीमन्माननीय सभापतिवृन्द, प्रतिनिधिगण, और उपस्थित सद्गृहस्थ,

आज मैं अपना परम सौभाग्य मानता हूं, कि इस भारतवर्षीय-दिगम्बर जैन महासभा का सभापति होकर आप लोगों के सामने अपने ही विचार प्रगट कर रहा हूं। आशा करता हूं, आप लोग मेरे विचारों को ध्यान देकर सुनेंगे- और तदनुकूल चलने का प्रयत्न करेंगे। [illegible]

धर्मबन्धुओ, वर्तमान जैन समाज की अवस्था किसी भी विचारशील मनुष्य से छिपी हुई नहीं है। एवं उसकी उन्नति के लिए अभीतक जातीय, प्रान्तिक, और सार्वजनिक सभाओं ने बहुत कुछ प्रयत्न भी किया है। जहां तक मुझे मालूम है, काफी सफलता भी प्राप्त हुई है। परन्तु अवश्य — इतना होने पर भी भारतवर्ष के छोटे छोटे ग्रामों में जाकर देखा जाय, तो पता चलता है — कि वहां पर अभीतक कुछ भी प्रकाश नहीं — पहुंचा है, सभी स्थान बराबर अज्ञान-अन्धकार-से व्याप्त पड़े हुए हैं। वहां के रहने वाले भाइयों को अभीतक इतना भी पता नहीं है, कि क्या, हमारी जाति की कोई सभा है? क्या हमारी जाति की कोई संस्था है। इस भारतवर्ष के उन छोटे छोटे ग्रामों में जाकर जब हम उनकी (जैनसमाज की) गरीब और एवं अशिक्षित दशा को देखते हैं, तब, नेत्रों से अश्रुओं की धारा बह निकलती है, और हृदय के टुकड़े टुकड़े होने लगते हैं। वहां पर फीसदी २० आदमी अनविवाहित हैं, जो विवाहित हैं — उनके आजीविका या जीवन-निर्वाह का कोई भी साधन नहीं है — तब उनके सन्तान की शिक्षा-दीक्षा की तो बात ही क्या है, उसकी पूंछने वाला तो वहां पर कोई ही कौन है?

प्रथम तो जैन सभाओं की तरफ से उपदेशक ही नियुक्त नहीं हैं, यदि कोई उपदेशक किसी सभा की तरफ से उपदेशार्थ भ्रमण करते भी हैं — तो प्रायः रेल्वे-स्टेशन, मोटर-स्टेशन या प्रसिद्ध प्रसिद्ध ग्रामों में जाकर ही अपना भ्रमण समाप्त कर देते हैं। सभायें भी इस बात पर कोई ध्यान नहीं देती हैं, या- यों कहना चाहिए — कि सभाओं के कार्यकर्ताओं को स्वयं अपने कार्यों से ही अवकाश नहीं मिलता है, फिर कार्य करने की, समाज में जागृति पैदा करने की और शिक्षा वगैरह की तो पूंछता ही कौन है? किसको इस बात की फिक्र है कि समाज का उत्थान हो।

अतएव इस तरह मैं समाज का ध्यान आकर्षित कर — जैन समाज से निवेदन करता हूं, कि प्रथम तो वह उन्हीं मनुष्योंके हाथ में कार्यभार सौंपे, जिनके हृदय पर समाजका वास्तविक चित्र-अङ्कित हो, जो हृदय से समाज के उद्धार की भावना रखते हों। जिनको समाजके कार्य प्राणों से भी प्यारे हों। एवं जो निस्वार्थ-त्यागी, उदाराशय और शिक्षित हों।

~~सभाओंका उद्देश्य केवल प्रस्ताव पास करना रह गया चाहिए।~~ २ जैन सभा में

वर्तमान सभाओंकी अवस्था देखते हुए ~~ये शब्द~~ मुख से ये शब्द सहसा निकल पड़ते हैं कि सभाओं का मुख्य उद्देश्य आजकल केवल प्रस्ताव पास करना ही रह गया है, सभासद और कार्यकर्ताओंका उद्देश्य केवल सभामंडप में पधारकर शोभा बढ़ाना ही रह गया है। और पंडितों और वक्ताओं का उद्देश्य केवल बड़े जोर-शोर के शब्दों में व्याख्यान झाड़ना ही रह गया है।

मैं तो जहां तक अपनी विचार-दृष्टि को दौड़ाता हूं, वहांतक मुझे यही दिखाई देता है कि वास्तव में आजकल कोई भी मनुष्य अपने कर्तव्यका पालन नहीं कर रहा है। यही कारण है कि आज इस महासभा को स्थापित हुए पूरे ३२ वर्ष पूर्ण होगए — परन्तु इतने लम्बे चौड़े समय में जो वास्तविक उन्नति होना चाहिए थी, वह नहीं हो सकी है। आज से ७० वर्ष पहिले जो जापान देश बिलकुल अशिक्षित गरीब, और असभ्य था, वही ५० वर्ष के भीतर, शिक्षित, धनाढ्य और सभ्य बन गया है, आज उसकी गिनती उन्नत व सभ्य देशों में की जा रही है। आज वह अमेरिका यूरोप, व जर्मनी से टक्कर लगा रहा है। यदि इसी प्रकार हमारी जैन समाज ने भी, कुरीति-प्रवाह को रोककर, जैन समाज के उत्थान का बीड़ा अपने हाथ में लिया होता, यदि हमारी समाज के प्रमुख, तन मन और धन से जैन समाज को उन्नत होने की चेष्टा करते, और प्रान्त-प्रान्त में, ग्राम-ग्राम में, शिक्षा संस्थायें खोलकर, धनवान् क्या, गरीब क्या, सभी को शिक्षा-सम्पन्न बनाते, दीन, अनाथ और असहायकों की रक्षा के वास्ते फंड कायम करते — उनको बिना ब्याजी रकम व्यापार के लिए देकर उनको —

निर्धन-दशा को सुधारते, गरीब और धनवान का भेदभाव मिटा-
कर उनको साथ समदृष्टि से व्यवहार करते, तो क्या आज
हमारा जैन समाज भी उन्नत हुआ दिखाई न देता? क्या
जैन समाज फिर से पुनः नव जीवन संचारित न हो जाता?
क्या नहीं पूर्वकालवत् फिर हमारे नेत्रों के सामने झिलमिला-
कर दिखलाई न दे जाता? और फिर हमारी परिगणना
क्या शिक्षित, धनवान और बलवान जातियों में नहीं की जाती?
आज जो समाज मुर्दा समाज के नाम से पुकारा जा रहा
है - वही ही क्या शिक्षित और सभ्य समाज के नाम से नहीं
पुकारा जाता?

अतएव धर्मबन्धुओ, अब आपसी कलह के बीज, कुरी-
तियों, द्वेषाग्नि को शान्तकर जैनसमाज में ऐक्य स्थापन
करें। छोटी बड़ी सभी जातियों को एकता के सूत्र में बांधो।
क्या छोटे बड़े ~~कली-कलियों के~~ फूल, नीले लाल, सफेद रंग के फूल
~~भी~~ एक ही सूत्र में पिरोये जाकर माला की शोभा को नहीं
बढ़ाते? क्या छोटी बड़ी अंगुलियां ~~भी~~ एक ही हाथ में संयुक्त
होकर हाथ की शोभा को नहीं बढ़ाती। क्या छोटे बड़े सभी तरह
के अंग-उपांग सम्मिलित होकर शरीर के सौन्दर्य को नहीं
बढ़ाते। फिर समझ में नहीं आता - क्यों आज जैनसमाज
का बच्चा बच्चा व्यक्तिगत व जातिगत प्रभाव से प्रभावित
~~हो चुका~~ हो रहा है? क्यों जैन जातियों में जातिगत, मर्यादाओं
को उल्लंघन करने वाला, भेदभाव बढ़ रहा है? अपनी-
योग्यता प्रमाण स्वाभिमान का होना नाम मात्र उचित है, परन्तु
यदि वही स्वाभिमान, दुरभिमान की चरम-सीमा पर पहुंच जावे-
तो क्या - वह नाश-संहारक हो जा सकता है? क्यों नहीं?

अतः महासभा का कर्तव्य है - कि वह अपने विशाल-क्षेत्र
में सबको स्थान देकर जैन धर्मानुकूल आचरण कराने का
प्रयास करे। वर्तमान के नाम जैनियों को सच्चा जैनी बनावे;
और दिन पर दिन गिरती हुई इस जैन समाज की अवस्था को
सम्हाल कर उन्नत होने का मार्ग सोचे। जातीय व
प्रान्तिक सभाओं के कार्यों की बागडोर अपने हाथ में लेकर
उनकी उन्नति करती हुई स्वयं उन्नत होने की चेष्टा करे।

यदि वर्तमान परिस्थिति पर ही संतोष किया जायगा - तो मैं दावे के
साथ कह सकता हूं कि इस जैन जाति का पूरे २०० वर्ष में ह्रास हो
जायगा - और इतिहास में इसका नाम शेष रह जायगा।

## २- शिक्षा संस्थायें व शिक्षा प्रणाली

इसमें सन्देह नहीं, कि आज से २५ वर्ष पूर्व शिक्षा-संस्थाओं का बिलकुल अभाव था, जैन समाज बिलकुल अशिक्षित था, [illegible] तत्त्व-चर्चा तो [illegible] दूर रही - मनुष्य भाषा-पुजनों तक को भी स्पष्ट नहीं पढ़ सकते थे - और आज जैन समाज के प्रमुखों के उद्योग से अनेक शिक्षा संस्थायें दृष्टिगोचर हो रही हैं। अनेक विद्वान नजर आते हैं परन्तु - जैन समाज का इतना विपुल-द्रव्य खर्च होने पर भी, जो वास्तविक सफलता प्राप्त होना चाहिए थी - वह नहीं हो सकी है। वर्तमान शिक्षा संस्थाओं से निकले हुए विद्वानों में जो पांडित्य पूर्ण-विद्वत्ता होनी चाहिए थी - वह नहीं है। यही कारण है कि हमारे विद्वान् लोग अपने विचारों को, जैन धर्म के रहस्यपूर्ण सिद्धान्तों को दूसरे लोगों के सामने रखने में समर्थ नहीं हैं। मैं इस बात को मानता हूं, कि हमारे समाज में कुछ एक दिग्गज-विद्वान् हैं - परन्तु क्या २-४ के होने से जैन धर्म का डंका सारे संसार में फूंका जा सकता है? और क्या दश-पांच विद्वान् व्यक्ति इतने बड़े जैन समाज के प्रतिदिन होने वाले अधःपतन को थाम सकते हैं? और क्या इने गिने पुरुषों से, जीवन-संग्राम का युद्ध जीतकर हम धर्म युद्ध पर विजय-लाभ प्राप्त कर सकते हैं। करोड़ों मनुष्यों के सामने [illegible] करने के लिए हमको, लाखों नहीं तो हजारों सैनिकों को अवश्य ही तैयार करना होगा। तभी हम जैन धर्म व जैन समाज का सच्चा उत्थान कर सकेंगे। तभी हम इस कठिन संसार यात्रा में अपना निर्वाह [illegible] कर सकेंगे।

अतः हमारा कर्तव्य है कि वर्तमान में जो शिक्षा संस्थायें चल रही हैं - उन सब के कार्यकर्ताओं की एक कमेटी बना कर नये ढंग का कोर्स बनावें। जिसमें धार्मिक शिक्षा के साथ साथ लौकिक व औद्योगिक-शिक्षा अवश्य रक्खी जावे। जिससे विद्वान लोग अन्य व्यापारिक-उपायों से द्रव्योपार्जन करते हुए अपने अपने प्रान्तों में सत्-शिक्षा का प्रचार कर सकें। और स्वर्गीय पंडित प्रवर सदासुखदासजी, टोडरमलजी, दौलतरामजी, [illegible] सरीखे विद्वान पैदा हो सकें।

संसार इस बात को मानता है कि किसी भी समाज या देश की उन्नति शिक्षा के ऊपर ही निर्भर है — जो समाज या देश, जितना ही शिक्षा-सम्पन्न बनने की चेष्टा करेगा - वह उतना ही उन्नत व सम्पन्न होगा। जैन धर्म के पूर्व इतिहास पर दृष्टि डालने से इस बात का पता चलता है ——

कि पूर्व जमाने में ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्यों के प्रत्येक बालक को प्रारंभ से ही शिक्षा लेना आवश्यक कार्य माना जाता था — शिशुकाल से ही उनको ब्रह्मचर्याश्रमों में — गुरुकुलों में रहना पड़ता था। और जब तक उनका ब्रह्मचर्य काल पूरा नहीं हो जाता था — तब तक कभी भी बीच में वे ब्रह्मचर्याश्रमों को नहीं छोड़ सकते थे। यही मुख्य कारण था — कि उस समय के मनुष्यों का शरीर-संगठन अत्यन्त दृढ़ होता था। हजारों विकट काले वरसों से अत्यन्त बलवीर्यशाली, करोड़ों मनुष्यों के मान-मर्दन करने वाले योद्धा-भट, और जन्म-पर्यन्त अपनी प्रतिज्ञा पर स्थिर रहनेवाले होते थे। कठिन से भी कठिन यदि धार्मिक-संकट सामने आ जाता था — तो वे अपने प्राणों को भी निछावर बात की बात में कर देते थे। श्रीमद् अकलंकदेव और निकलंक देव इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

यदि हमारा जैन समाज आज भी इस बात को मान ले, और शिक्षा-संस्थाओं का ढंग बदल कर फिर उसी तरह के ब्रह्मचर्याश्रम स्थापित कर दे — तो इस बात के करने में कोई संदेह नहीं — कि फिर एक बार, अवनत हुआ यह जैन समाज, उन्नति की चरम सीमा पर पहुंच जावे। क्योंकि, किसी भी देश या समाज की उन्नति उसके छात्रों पर ही अवलम्बित रहा करती है।

इस प्रकार के ब्रह्मचर्याश्रम, भारतवर्ष के प्रत्येक प्रान्त में खोले जावें। जिनके चारों तरफ जैन समाज की संस्थायें विद्यमान हों। और आसपास के प्रत्येक ग्राम का एक जैन छात्र उसमें अवश्य ही भर्ती किया जावे। कम से कम उसमें रहने वाले छात्रों को १० वर्ष का प्रवेश कराया जावे। प्रवेश होते ही उनको ब्रह्मचर्य और यज्ञोपवीत की दीक्षा से दीक्षित किया जावे। ऐसी शिक्षा संस्थाओं के अधिष्ठाता-विद्वान, त्यागी, और आदर्श चरित्र वाले ही बनाये जावें। जिनसे छात्रों को समय समय पर समाज-सेवा की भी शिक्षा मिलती रहे। इस प्रकार की संस्थाओं में प्रत्येक छात्र को देव पूजा, स्वाध्याय व सामायिक प्रतिदिन करने का अटल नियम बनाया जावे। ऐसा होने से जब बाल-काल से ही उनके संस्कार अत्यन्त दृढ़, व धार्मिक-भाव अत्यन्त दृढ़ हो जावेंगे — तब कैसा ही खोटा समय क्यों न आ जावे फिर भी वे अपने पद से च्युत न होंगे।

अतः प्रत्येक समाज, व प्रत्येक विचार-शील मनुष्य का यह प्रधान कर्तव्य है कि वह शिक्षा की तरफ सर्व प्रथम लक्ष्य देवे। शिक्षा-बालक व बालिका-दोनों को परम-आवश्यक है — देखो-श्री आदिनाथ ने अपनी पुत्र व पुत्रियों को स्वयं शिक्षा दी थी। अतः बिना शिक्षा प्रचार के समाजोत्थान होना असंभव है॥

## ३- वर्तमान जैन पंचायत

वर्तमान जैन समाज की पंचायत पर दृष्टि डालने से इस बात का पता चलता है - कि अब पंचायतें केवल ढकोसला मात्र रह गई हैं।
वास्तव में जो उनका उद्देश्य था - अब उसका लेशमात्र भी उनमें नहीं रह गया है - और यही कारण है - कि दिन पर दिन मुकद्दमा-बाजी - व फूट बढ़ रही है - मुकद्दमा बाजी में तो हमारी यहाँ तक अवस्था पहुँच चुकी है - कि कोई भी जाति की बात अब बिना अदालत का दरवाजा खटखटाये तै नहीं हो सकती। इसी प्रकार फूट का भी यही हाल है - कि जिस ग्राम में केवल ५ घर ही जैनी हैं - वहां पर ३ आदमी अलग अपना राग आलाप रहे हैं - तो २ आदमी अलग अपनी डेढ़ चांवल की खीचड़ी पका रहे हैं। यही कारण है कि हमारे समाज की दिन प्रति दिन अवनति हो रही है। यदि एक पंचायत किसी मनुष्य को अपराधी ठहराती है तो - वहीं पर दूसरी पंचायत उसको निर्दोष सिद्ध कर देती है भला जहां पर इस प्रकार की अवस्था है - वहां क्या सत - असत का निर्णय हो सकता है। और इसी वजह से, इसी आपसी वैमनस्य से ही हमारे धार्मिक-कार्यों में भी बाधा आ रही है।

अतः समाज के प्रत्येक नवयुवक का कर्तव्य है कि वह सर्व प्रथम समाज-संगठन करे। प्रत्येक जैन व्यक्ति में धार्मिक प्रेमभाव जागृत करे। उनको एकता के सूत्र में बांधे। उनको इस बात का पाठ पढ़ा दे - कि उनका जन्म ऐश आराम करने, व परस्पर कलह बीज बोने के वास्ते नहीं हुआ है - किन्तु उनका जन्म जैन धर्म की उन्नति करने वास्ते हुआ है। उनका सारा जीवन जैन समाज की रक्षार्थ ही हुआ है। जब तक इस प्रकार के उच्च विचार हम लोगों के हृदय में स्थान नहीं पायेंगे - तब तक हमारी उन्नति होना अशक्य है। "पंचों में परमेश्वर आता है" यह लोकोक्ति तभी चरितार्थ होगी - जब हम स्वयं न्याय नीति का अनुसरण करेंगे। स्वयं पतित न होते हुए दूसरों को पतित होने से बचायेंगे। स्वयं अन्याय न करते हुए दूसरों को अन्याय करने से रोकेंगे।

जब तक हमारे हृदय में विश्व प्रेम का भाव जागृत नहीं होगा - दुनियां को विश्व प्रेम का पाठ नहीं पढ़ायेंगे - तब तक हमारी यथार्थ - उन्नति का होना शक्य नहीं। अतः धर्मबन्धुओ, अब भी चेतो, इस गाढ़ निद्रा का परित्याग करो। और फिर एक बार समाज-संगठन कर दुनियां के सामने सच्चे जैन धर्म का आदर्श खड़ा कर दो। और बतला दो, कि जैन धर्म और जैन समाज किसे कहते हैं। तभी हमारी पंचायत नाम सार्थक होगा।

# ४- जैन समाचार पत्र



वर्तमान जैन समाचार पत्रों के दुर्नीति-भरे लेखों को देखकर हृदय में अत्यन्त दुःखित होता है। उनकी नीति, उनका ढंग, उनके विचार, उनके उद्देश्यों से बिलकुल प्रतिकूल हो रहे हैं। किसी विषय पर स्पष्ट विचार न कर गाली गलौज देना उनका उद्देश्य हो रहा है। यही कारण है कि इन समाचार पत्रों से जैन समाज को जो लाभ होना चाहिए था — वह नहीं हो सका है।

वर्तमान समय में जैन समाचार पत्रों द्वारा जैन साहित्य के प्रचार की अत्यन्त आवश्यकता है। इस समय प्रत्येक राष्ट्र अपने साहित्य की उन्नति में लगा हुआ है। और इसी ही कारण से साहित्य की उन्नति करते हुए ही पर-राष्ट्र उन्नत व सभ्य बन रहे हैं। जब तक जैन साहित्य का प्रचार न होगा — तब तक इस अशिक्षित व अवनत जैन समाज का उद्धार होना असंभव है। हमको अपने साहित्य-प्रचार के लिए स्थान स्थान पर सरस्वती-भवन खोलने होंगे। जैन धर्म के अच्छे जानकारों को प्रचार का कार्य सौंपना होगा, जो स्वयं धर्म में अत्यन्त दृढ़ होंगे। तभी जैन धर्म की वास्तविक उन्नति हो सकेगी।

समाचार-पत्रों का कर्तव्य है कि वे बहुत शीघ्र अपनी नीति बदल दें — व तत्त्व-चर्चा पूर्ण लेखों को स्थान देकर जैन धर्म-पिपासुओं को सत्य-धर्म का स्वरूप बतलावें। जहां तक वर्तमान समय में चलती हुई इस दूषित वायु से दूर रहते हुए — रात्रि-दिन जैन साहित्य की उन्नति करते हुए उसके प्रचार में दत्त-चित्त रहें। समाज का कर्तव्य है — कि वह उन्हीं मनुष्यों को समाचार पत्र सौंपे, जिनके हृदय में समाज की लगन हो, जो निष्पक्ष, विद्वान्, उदाराशय व समाज-हितैषी हों। जब तक इस बात की कमी रहेगी, तब तक समाचार पत्रों से समाज को जो वास्तविक लाभ होना चाहिए — कभी नहीं हो सकेगा.

इस समय समाज का कर्तव्य है — कि वह इस ढंग की व्यवस्था करे — जिससे प्रत्येक ग्राम में, जहां पर कम से कम जैन समाज का १ कोई घर हो — जैन समाचार पत्र अवश्य पहुंचे। इससे लोगों के हृदय में धार्मिक भाव जागृत होंगे। वे सत्य-असत्य का निर्णय कर सकेंगे और इससे अपना आत्म-कल्याण भी कर सकेंगे।

## ५- बाबू पंडित का भेद

वर्तमान समय में— समाचार-पत्रों में, सभा-सोसाइटियों में; जहाँ देखो, वहीं ही, बात बात में मतभेद पड़ जाता है और यहाँ तक नौबत पहुंचती है— कि उनमें लड़ाई-झगड़ा भी हो जाता है। बाबू-पंडितजी को देखकर घबराते हैं, और पंडित बाबूजी को देखकर भौंहें सिकोड़ते हैं। पंडितलोगों का कहना है कि बाबूलोग धर्मभ्रष्ट होते हैं, नीच विचारवाले होते हैं, पाश्चात्य-सभ्यता पोषक होते हैं इत्यादि; बाबूलोगों का कहना है कि— पंडितलोग लोक-व्यवहार नहीं समझते हैं, लकीर के फकीर होते हैं, रूढ़ियों के गुलाम होते हैं, इत्यादि....। बस, इसी ढंग से मत-भेद बढ़ता ही जाता है— सुलह के स्थान में— उल्टी द्वेषाग्नि और भी प्रज्वलित हो जाती है। और इस प्रकार दिन पर दिन जो शान्ति, एकता, उन्नति या सद्विचार की वृद्धि होना चाहिए थी— नित खोखल होती जा रही है।

मैं यहाँ पर एक बात समाज को बतला देना चाहता हूँ, वह-यह- कि बाबूलोगों के धर्मभ्रष्ट या पतिताचारी होने में हम लोग ही अपराधी हैं। यदि हम लोगों ने प्रारम्भ से ही उनके धर्म-शिक्षण की योजना की होती— प्रबन्ध किया होता— तो क्या वे लोग धर्म-भ्रष्ट हो जाते? कभी नहीं। अनेक अंग्रेजी पढ़े लिखे विद्वान इस बात के प्रमाण हैं— कि वे आज भी, संस्कृत-पढ़े लिखे अनेक विद्वानों से उत्तम आचार-विचार वाले— व नित्य पूजन- स्वाध्याय करनेवाले हैं। इससे यह बात बिलकुल स्पष्ट है— कि जिन अंग्रेजी-पढ़े लिखे विद्वानों को— धार्मिक शिक्षण का प्रबन्ध न रहा— जो प्रारम्भ से ही होटलों में भोजन करते रहे— प्रारम्भ से ही जिनके भीतर सद्विचार प्रविष्ट नहीं हो सके, प्रारम्भ से ही जिनकी संगति- पाश्चात्य ढंग की रही— उन्हीं लोगों के विचार धर्म से प्रतिकूल हो गए। संगति से गुण-दोषों का पैदा होना स्वाभाविक है— तिस पर तो— वे रात्रि-दिन- लगातार कई वर्षों तक उसी ढंग की शिक्षा प्राप्त करते रहे— फिर यदि उनके विचार धर्म से प्रतिकूल हो गए— तो इसमें आश्चर्य या खेद की कौन बात है।

हाँ, इसमें तो अपराध हम लोगों का ही है जिन्होंने बाल्य से ही उनके शिक्षण-दीक्षा का प्रबन्ध नहीं किया।

इसी प्रकार यह कहा जाना कि पंडित लोग - लोक-व्यवहार शून्य हैं। रूढ़ियों के पुजारी हैं इत्यादि, सो प्रथम तो यह बात ही सत्य नहीं है, दूसरे यदि थोड़ी देर के लिए मान भी लिया जाय - तो भी इसमें हम लोगों का ही दोष है। क्योंकि प्रथम तो हम लोगों ने ज्ञान की कद्र नहीं की, विद्वानों का सम्मान नहीं किया - दूसरे उन लोगों की आजीविका पराधीन होने से भी वे लोग अन्ध-श्रद्धा के भक्त बन गए। उन्हें भय है कि यदि हम सत्य बात को कहेंगे - तो हमारी आजीविका में धक्का लगेगा। तो जब हम लोग जब स्वयं सद्विचारों को - स्वतन्त्र विचारों को सुनने के लिए तैयार नहीं हैं - तब कैसे यह माना जावे - कि पंडित लोग दोषी हैं। कहने का सारांश यह है कि सर्व प्रथम अपना दोष देखना चाहिए - यदि वास्तव अपना दोष होवे - तो उसे सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। मैंने तो जहां-तक इस बात पर विचार किया है - यही अनुभव हुआ है कि इसमें सबसे अधिक हम लोगों का ही है। अतः अब समाज का कर्तव्य है - कि वह इस ढंग की शिक्षा संस्थायें खोले - जहां पर धार्मिक व लौकिक दोनों ढंग की शिक्षायें दी जावें। जहां पर सदाचार की शिक्षा सक्रिय रूप पढ़ने वालों के हृदयों में अङ्कित कर दी जावे। और जब तक इस ढंग के विद्यालयों का प्रबन्ध न हो तब तक अंग्रेजी कालेजों के आश्रित बोर्डिंग खोल दिये जावें। जिनमें शुद्ध खान-पान की व्यवस्था के साथ साथ धार्मिक शिक्षा व सदाचार-शिक्षा का उत्तम प्रबन्ध रहे। इसी प्रकार वर्तमान में हमारे विद्यालयों में जो कमी है वह निकाली जाकर भावुकता का पाठ संस्कृतज्ञों को पढ़ाया जावे। उनको इस बात की शिक्षा दी जावे - कि जिस बात को तुम सत्य धर्म की कसौटी पर कस लो - खूब जांच कर लो - उसको निर्भय होकर जनता समाज के सामने रखो। कभी भी सत्य बात को जरा से प्रलोभन के पीछे मत छुपाओ। फिर आप लोग देखेंगे - कि येही पंडित लोग व बाबू लोग मिलकर के कितना काम करते हैं। अतः समाज का कर्तव्य है - कि दोनों दलों से मिलकर कार्य करने की प्रेरणा करे। व आगे के वास्ते उपरोक्त ढंग प्रबन्ध करने का प्रयत्न करे - तभी सफलता प्राप्त हो सकेगी।

## ६- बाल विवाह

बाल-विवाह का नाम सुनते ही हृदय एकदम धड़कने लगता है. इसी राक्षसी प्रथा ने ही हमारे देश व समाज को नष्ट भ्रष्ट कर दिया है? जब से इस प्रथा का बीजारोपण हमारे समाज में हुआ है तब से दिन पर दिन इसका प्रचार बढ़ता ही जाता है। समाज ने विवाह को गुड़ियों का खेल समझ रक्खा है — और यही जिसके कारण आज दिन हमारी समाज में लाखों विधवायें दुःख कूप में पड़ी पड़ी अपना जीवन व्यतीत कर रही हैं। हजारों शील-धर्म से च्युत होकर गुप्त पाप और भ्रूण हत्यायें कर धर्म और समाज का नाम डुबो रही हैं — उसे रसातल पर पहुंचा रही हैं। जैन समाज की मनुष्य गणना देखने से पता चलता है कि हमारी समाज में २-२ और ४-४ वर्ष तक की भी बाल विधवायें मौजूद हैं।

ओह, कितना अन्धेर, कितना अत्याचार, कि जिन बालिकाओं के दिन लाड़ प्यार के हैं, खेलने कूदने के हैं. जिन दिनों में उनको शिक्षा-दीक्षा दी जाना चाहिए थी, उन्हीं दिनों उनको रंडापे का दुःख भोगना पड़ता है.

इसी प्रकार जो दिन बालकों के खेल कूद कर आनन्द करने के हैं, जिन दिनों में उनको ब्रह्मचर्य धारण कर शिक्षा-सम्पन्न होना चाहिए — अपना शरीर-संगठन करना चाहिए. उन्हीं दिनों में, समाज के नव-युवक हमारे बाल-विवाह के बन्धन में बंध, अपने बल वीर्य को स्वाहा कर, अकाल में ही मृत्यु के ग्रास बन जाते हैं। कदाचित्, जीते भी रहे हैं, तो निःसत्व, निस्तेज, अकर्मण्य, काठ के पुतले सरीखे होते हैं। जिनसे समाज का उद्धार होना तो दूर रहा, अपना जीवन-निर्वाह भी सुख पूर्वक होना कठिन है. यही कारण है कि हमारी सन्तान दिन पर दिन क्षीण-वीर्य होती जाती है — और हम अपने बड़े भारी कुटुम्ब का भी ह्रास कर दिन पर दिन हीन संख्या वाले होते जाते हैं। हमारी समाज में सन्तान के मुख देखने की तो सबको पड़ी है — परन्तु किसी भी सहृदय व्यक्ति के दिमाग में यह बात न आई कि जब हम निम्ब के बीज बोते हैं — तब आम हमको कहां से मिल जायेंगे।

सभाओं ने इसके रोकने के लिए प्रस्ताव तो कई बार किए — उपाय भी सोचे, परन्तु असली उपाय की खोज अभी तक भी न कर सकीं। अतः समाज से एक बार फिर मेरा नम्र निवेदन है कि वह खास खास मनुष्यों की बैठक कर इस कुरीति-प्रवाह को रोकने की कोशिश करे — जबतक इस राक्षसी प्रथा को समाज से बहिष्कार नहीं होगा — तब तक जैन समाज की उन्नति होना असंभव है।

## ७- वृद्ध-विवाह

वृद्ध विवाह का नाम सुनते ही तो शरीर में एकबार बिजली सी दौड़ जाती है कि वृद्धों का विवाह कैसा — क्योंकि विवाह का जो उद्देश्य बताया गया है वह आजकल वृद्ध विवाह में नाम-निशान को भी नहीं पाया जाता है। अब तो केवल स्वार्थ-पूर्ति के लिए ही वृद्ध लोग विवाह करते हैं, कामवासना की शान्ति ही उनका एकमात्र उद्देश्य रह गया है। अब तो ऊंट-के गले में बिल्ली का सम्बन्ध किया जाता है, बेचारी कन्यायें लज्जा के मारे अपने सद्विचार मनुष्यों के सामने तक भी नहीं रख पाती हैं, जिनको जीवनभर मनुष्य के साथ रहना है — इतना ही क्यों, वृद्ध वर के परलोक वासी हो जाने पर कई वर्षों तक उनको रोते हुए संकट-मय अपना जीवन व्यतीत करना है। — सर्व प्रकार मनुष्य की आज्ञा में पराधीन रह कर पशुवत् जीवन बिताना है, उनको — उन बेचारी कन्याओं को इस बात की इत्तला तक भी नहीं दी जाती है कि तुम्हारा सम्बन्ध अमुक मनुष्य के साथ किया जा रहा है, तुम उसे चाहती हो, या नहीं।

धर्म बन्धुओ, विचार की बात है — कि कहां तो वह पूर्व ज़माना — जहां पर पिता की आज्ञानुसार कन्यायें अपनी इच्छानुसार अपने लिए पति को स्वीकार करें। और कहां आज यह ज़माना, जो बेचारी कन्यायें, अपने हृदय के विचारों को अपने हृदय में ही दबा कर रह जायें, और पराधीन होकर पशु की तरह नर-पिशाचों से बांध दी जावें। क्या इसको भी हम मनुष्यता कह सकते हैं? क्या ऐसा होते हुए भी हम जैनी कहला सकते हैं?

वास्तव में, विवाह के वास्ते कन्या और वर का परस्पर रज़ा है. क्योंकि आर्ष रीति से विवाह होने पर दोनों से एक ही ढंग की प्रतिज्ञायें कराकर उनका सम्बन्ध कराया जाता है। कन्या कहती है कि — यदि तुम मेरी इन सात प्रतिज्ञाओं — शर्तों को स्वीकार करते हो — तो मैं तुमको स्वीकार करती हूं। इत्यादि। इससे स्पष्ट सिद्ध है कि विवाह-सम्बन्ध में कन्या और वर दोनों को ही अधिकार है कि वह अपनी इच्छानुसार ही कुलीन, सर्वगुण सम्पन्न सुवर या सत्कन्या का सम्बन्ध ढूंढें। माता-पिता केवल उनकी राज़ी मालूम कर उनका विवाह सम्बन्ध विधि-पूर्वक कर दें। इसके सिवाय अन्य बातों में उनको दखल देने की कोई आवश्यकता नहीं। अतः समाज का कर्तव्य है कि वह — जैनधर्म वर्जित समाज का नाश करने वाली इस कुरीति-प्रवाह को बंद करे। केवल प्रस्ताव पास करने से कुछ होने का नहीं। अब तो उसको अमल में लाने की ही आवश्यकता है।

## ८- विजातीय-विवाह

कुछ दिनों से समाज में विजातीय-विवाह की चर्चा जोर-शोर से चल रही है और दोनों पक्षों से खण्डन-मण्डन भी किये प्रकाशित किये गए हैं। लोग इसकी आवश्यकता संख्या वृद्धि करने के लिए व अनमेल सम्बन्ध रोकने के लिए बताते हैं। परन्तु जहां तक मैंने इस विषय पर विचार किया है - वहां तक मुझे इसके प्रचार से केवल सामाजिक हानियाँ ही हानियाँ दिखाई पड़ीं हैं। समाज के विचार के लिए कुछ एक हानियां पेश करता हूं। जो कि समाज के विचारने योग्य हैं।

१- जो जाति निर्धन है, जाति बन्धन के खुल जाने पर वह अपनी कन्यायें धनाढ्य जाति को ही देगी - क्योंकि सभी मनुष्य अपनी कन्यायें अच्छे घर में ही देना चाहते हैं - और देते भी हैं। अत: विजातीय-विवाह का द्वार खुल जाने पर बेचारे निर्धन-नवयुवक अनविवाहित ही रह जायेंगे। अभी तो जाति बन्धन का नियम होने से जाति में ही मजबूरन कन्या देना पड़ती है - चाहे वह गरीब हो या अमीर। परन्तु इस बन्धन के खुलते ही गरीब लोग बहुत अधिक संख्या में अनविवाहित रहेंगे।

२- वृद्ध विवाह का क्षेत्र बढ़ जायगा। क्योंकि अभी तो यदि जाति में बूढ़ों के लिए कन्या नहीं लगती है - तो वे हाथ मसोस कर रह जाते हैं। परन्तु जब जातीय-बन्धन शिथिल हो जायेगा - तो वे किसी न किसी जाति में से कन्या को ले ही उड़ेंगे - और सुधारक [illegible] सब हाथ मलते रह जायेंगे।

३- कन्या विक्रय भी आजकल की अपेक्षा बहुत अधिक बढ़ जायगा। और मौका पड़ने पर तो एक एक कन्या कई हजारों की संख्या में बेची जावेगी। अभी तो कुछ व्यक्तियों के बीच में ही यह प्रथा चालू है, परन्तु जातीय बन्धन शिथिल होते ही धड़ाधड़ कन्या विक्रय होंगे - और सब लोग चुपचाप उसको देखेंगे - क्योंकि आजकल जब इन जातियों में भिन्न भिन्न पंचायत व कमेटियां, सभायें होते हुए भी हम इस कुरीति-प्रथा को नहीं रोक सके हैं - तब आगे क्या आशा करें - कि हम इसे रोक लेंगे।

इस विषय पर खूब वाद-विवाद हो चुका है अत: अधिक कहना व्यर्थ है - परन्तु इतना अवश्य कहूंगा - कि समाज को प्रत्येक कार्य बड़े विचार के साथ करना चाहिए। अन्यथा बाद में बहुत पश्चात्ताप करना होगा।

1 विवाह का उद्देश्य

आज मैं आप लोगों के सामने एक विचारणीय प्रश्न लेकर उपस्थित हुआ हूं। आशा है आप उसपर [illegible] विचार करेंगे।
संसार में प्रत्येक को विवाह करना आवश्यक माना गया है - यदि [illegible] [illegible] - तो [illegible] होना [illegible] - और [illegible] के [illegible] [illegible] पड़ जाय। इसी लिए प्रत्येक [illegible] विवाह करना आवश्यक समझता है। अब कोई [illegible] [illegible] कि जैन धर्म [illegible] विवाह [illegible] क्या [illegible] है और हम उसपर कहां तक पहुंचे हैं -

[illegible] विवाह का उद्देश्य [illegible] [illegible] माना है - और इसी लिए [illegible] कि यदि [illegible] विवाह करे - [illegible] अपनी पत्नी [illegible] - तो वह [illegible] [illegible] होता है - [illegible] [illegible] नहीं होती है, इत्यादि। और [illegible] - [illegible] आधीन [illegible] है इत्यादि।

परन्तु जैन धर्म इस विषय में कुछ भिन्न [illegible] है - उसका मूल उद्देश्य - संसार बन्धन [illegible] होना - [illegible] और इसी लिए उसने [illegible] [illegible] ब्रह्मचर्य [illegible] को [illegible] है। [illegible] [illegible] विराग [illegible] [illegible] है। परन्तु जो मनुष्य [illegible] [illegible] नहीं [illegible] है - [illegible] [illegible] है - उसी के लिये जैन धर्म ने - आचार्यों ने - [illegible] धर्मानुकूल आचरण करते हुए जीवन [illegible] की आज्ञा दी है - और इसी लिए [illegible] [illegible] - अपने [illegible] धर्मानुकूल या धर्मविरुद्ध [illegible] आवश्यक माना गया है। अतएव जैन लोगों का [illegible] है "कि विवाह [illegible] [illegible] - [illegible] धर्म [illegible] की कोई आवश्यकता नहीं" तो इसको तो [illegible] [illegible] मानता है - कि - जब जैन धर्म का मूल उद्देश्य संसार-बंधन मुक्त होना माना गया है तो [illegible] [illegible] विषयों [illegible] प्रवृत्ति करने को जैन धर्म की आज्ञा मानी जाय!

परन्तु [illegible] [illegible] नहीं हो सकता है कि [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] का [illegible] [illegible] उद्देश्य [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]

क्योंकि मैं पहले ही बतला चुका हूं। कि मानव का [illegible]
ही आवश्यक नहीं है, जो [illegible] कर्म [illegible]
रहे — और मुनियों के बीच [illegible] अपना मूल उद्देश्य
माने। अत: मैं अब विवाह [illegible] उद्देश्य [illegible] इतिहास
[illegible] से [illegible]
लोगों को अनुभव कराता हूं।

शास्त्र की आज्ञा है — कि

पतिव्रता स्त्रियां [illegible] कुलीन हों।

देवता [illegible] नहीं [illegible]
[illegible] परम्परा [illegible] चली आवे — उसमें कोई [illegible]
[illegible] हो, [illegible] की ओर [illegible]
हो, देवता [illegible] रहें — [illegible]
[illegible] इन बातों को [illegible] [illegible] विवाह
[illegible] [illegible] आदि [illegible]
अब जिन लोगों ने [illegible] विवाह का उद्देश्य [illegible]
है — [illegible] विषय [illegible] को [illegible] माना है — मेरा —
उन लोगों से पूछना है — कि क्या आप [illegible]
[illegible] पर चल रहे हैं — ? या उसका [illegible] है ?

यदि आप कहें कि हम क्या [illegible] पर नहीं [illegible]
तो आप में [illegible] कि इसका मतलब यह भी हो सकता है
कि हम उस मूल उद्देश्य को रखकर अपना ही [illegible]
मान लें और अपना आचार-विचार गिराते जावें।

यद्यपि [illegible] शंका यह खड़ी होती है। कि जब विवाह
का उद्देश्य उपरि [illegible] यह माना गया है — तो पूर्वकाल
में एक [illegible] बहु विवाह क्यों होते थे ? क्या [illegible]
धार्मिक-कार्य नहीं हो सकते थे ? इसी प्रकार [illegible]
जाने पर [illegible] पुत्रों के धार्मिक कार्य [illegible] चले जाते [illegible]
[illegible] हो इसलिए पुत्रों का [illegible] है [illegible]
[illegible] के [illegible] धार्मिक [illegible]
[illegible] इसलिए [illegible] हो [illegible]
[illegible] इसलिए ~~[illegible]~~
~~[illegible]~~ और इन्हीं सब बातों पर इसलिये मैं अब विचार किया
जाता है।

आदि ग्रन्थों के देखने से पता चलता है - कि सत्य युग के प्रारंभ में योगभूमि थी, एक माता-पिता के उदर से, जन्म लेते ही युगल संतान ही उत्पन्न होती थी - और [illegible] उनके माता-पिता [illegible] हो जाते थे परन्तु ज्यों ही योगभूमि [illegible] होने लगा - ~~और~~ उसी समय ही तात्कालिक पुरुषों के जीवित रहते हुए उनके संतान होने लगी - वे अपनी संतान का मुख देखकर [illegible] हुए - परन्तु तत्कालीन कुल-करों ने उनका भय दूर करते हुए उनके पालन-पोषण की शिक्षा दी और उनके प्रेम करने [illegible]। धीरे धीरे योगभूमि [illegible] नष्ट होने ही - कल्पवृक्ष विलुप्त हो गए, वह स्थायी सुख [illegible] [illegible] अदृश्य हो गया - और [illegible] ही [illegible] मनुष्यों के संतान भी अधिक होने लगी - ऐसे समय में ही [illegible] ब्रह्मा का अवतार हुआ - प्रजा को [illegible] और कल्याण का [illegible] दृश्य दिखाई देने लगे - तब प्रजा के [illegible] हुआ - कि अब क्या [illegible] [illegible] एवं हम पुनः आपत्ति [illegible] | यह विचार कर प्रजा आगे प्रजापति - नाभिराय [illegible] आदि ब्रह्मा के पास पहुँचे और सब दुःख निवेदन किया - श्री आदि ब्रह्मा ने [illegible] [illegible] - प्रभु के आदेश [illegible] और [illegible] देकर - उनको अपनी आजीविका [illegible] प्रारम्भ हुआ [illegible] | इस प्रकार [illegible] तब [illegible] जब आदि [illegible] चिन्ता हुई और [illegible] राम को उनके विवाह करने की चिन्ता हुई [illegible] पहुँचे। [illegible] मन में [illegible] और उनकी स्तुति करते हुए उन्होंने कहा कि -

1 - तत: [illegible] मनोद्यं [illegible] मन: कुरु।
प्रजासंतति [illegible] ॥
2 - प्रजो [illegible] तत्र धर्म [illegible]:
मनुष्य [illegible] धर्म [illegible] ॥
3 - [illegible] धर्म [illegible] ।
संतान [illegible] ॥

अर्थात - ~~आप~~ मैं जानता हूं - कि आप संसार के [illegible] आदि [illegible] उदासीन हैं लेकिन [illegible] जब तक [illegible] [illegible] आया है - [illegible] आप [illegible]

क्योंकि ऐसा करने से ही चिरस्थायी, प्रजा के परस्पर का [illegible] होगा। और प्रजा की सन्तति के अविच्छिन्न होने पर ही धर्म एवं परमार्थ संसार में आगामी कल चल सकेगा। अतः हे देव, पर विचार करना मानव धर्म है- और इसे आप भी कर लीजिए। और
हे देव, [illegible] को [illegible] आदि [illegible] आपको स्वीकार करना चाहिए। क्योंकि - आर्ष वचन है। कि - [illegible] की सन्तान [illegible] इत्यादि-
इस प्रकार राज्य के आरम्भ में नवप्रवर्त्तक नाभिराज ने विवाह का उद्देश्य बतलाते हुए विवाह की प्रणाली की जिसे श्री ऋषभदेव ने "ओम्" कहकर स्वीकार किया। धीरे धीरे, [illegible] राज्य [illegible] गया, प्रजा अपने अपने आजीविका के साधनों में तत्पर हो सब सुविधा सम्पन्न होगई। इसी समय जब सन्तान की उत्पत्ति हुई तो इसकी तादाद में ~~[illegible]~~ होने लगी - तब प्रकार के भिन्न भिन्न प्रकार की आजीविका होने वाली - व भिन्न भिन्न वर्ण वाली प्रजा में वर्ण सांकर्य न हो जावे - इस लक्ष्य को सामने रखकर - श्री आदिप्रभु ने आदेश दिया - कि

शूद्र, अपनी जाति वालों के साथ विवाह करें उन्हें अन्य वर्ण [illegible] साथ विवाह का अधिकार नहीं। इसी प्रकार वैश्य वर्ण [illegible] साथ विवाह का अधिकार नहीं। इसी प्रकार वैश्य वर्ण वालों को शूद्र वर्ण वालों के साथ विवाह करने का अधिकार नहीं। अन्तः ब्राह्मण क्षत्रिय के साथ विवाह करने का अधिकार नहीं। क्षत्रियवर्णी वाले अपने वर्ण में व वैश्य शूद्रों की कन्याओं के साथ विवाह सम्बन्ध करें। और ब्राह्मण लोग अपने ही वर्ण में ही विवाह सम्बन्ध करें। ~~वे अन्य [illegible] वर्णों के साथ भी विवाह [illegible] का अधिकार~~ - कदाचित किसी विशेष अवस्था में सभी औचित्य को देखकर अन्य वर्ण वालों के साथ भी विवाह सम्बन्ध कर सकते हैं इत्यादि।
इस प्रकार आर्ष-ग्रन्थों के देखने से स्पष्ट ज्ञात होता है कि [illegible] विवाह के दो कारण मुख्य थे —
एक तो - अपने वर्ण के सिवाय अन्य वर्ण वालों के साथ विवाह करने की आज्ञा या अधिकार। और दूसरा स्त्री जाति की अधिक संख्या में उत्पत्ति। गौणरूप से शरीर-शक्ति का [illegible]

## २ बहुविवाह के कारणों पर विचार

जिस समय — तीर्थंकर ऋषभदेव के समय में, इस बहुविवाह की प्रथा प्रारम्भ हुई
थी — उस समय जन संख्या बहुत कम थी, भोगभूमि के प्रत्येक दम्पति से
एक युगल उत्पन्न होता [illegible] नियम मिट चुका था — मनुष्यों की आयु
भोगभूमि की अपेक्षा बहुत कम रह गयी थी ~~[illegible]~~ लाख की भांति —
संसार-निर्वाह व जीवन निर्वाह का प्रश्न सामने आ खड़ा हुआ
था — और न वह सुख की बात, जो भोगभूमि के समय में थी, था —
[illegible] थी; या यों कहना चाहिए कि जिस बात से भोगभूमि में
समझते [illegible] नहीं थे वह भी — [illegible] की बात,
वह भी, बन्ध-मोक्ष की बातें, [illegible], दान-पुण्य की बातें।
या यों कहना चाहिए, कि [illegible] मनुष्यों के तो बहुत [illegible] —
[illegible] आगामी का, इसे [illegible] धारण [illegible]
जानी ही पड़ी थी। —— ऐसे समय में, जब कि मनुष्यों को
शान्ति पूर्वक, निरुपद्रव जीवन निर्वाह होते हुए, आगामी धर्म सन्तति
के क्रम बढ़ चला है, इस अपने आत्म कल्याण या आत्मोद्धार
का प्रश्न सामने खड़ा था, — [illegible] तब मैं ही आपसे पूछता हूं कि —
तात्कालिक मनुष्य यदि बहु विवाह न करते, तो क्या करते —
जिससे धर्म की परम्परा बराबर चली जाती व मार्ग बराबर
अक्षुण्ण बना रहता। और यही मुख्य कारण था — कि जिससे
[illegible] ऋषभदेव जी आदि ने [illegible] विवाह कराये [illegible]
[illegible] — उसका उपदेश दिया, और उसके [illegible]
[illegible] की बाधा नहीं बतलाई। यह तो हुआ बहुविवाह
की उत्पत्ति पर विचार। अब [illegible] है उसके [illegible]
[illegible] बहुविवाह की प्रथा बहुत [illegible]
है, कि उस समय बहुविवाह [illegible] होता तो — ऐसे महर्षियों
तीर्थंकर यदि यह प्रथा [illegible] होती तो [illegible] निषेध किया होता
या तीर्थंकरों ने अपने [illegible] इस बहुविवाह की प्रथा का भी निषेध
[illegible] इस बहुविवाह [illegible] नहीं [illegible]
[illegible] / लेकिन ऐसा [illegible] कि [illegible] बहुविवाह [illegible]
है — अतः स्पष्ट सिद्ध है कि उस समय बहुविवाह [illegible]
[illegible] नहीं ~~था~~ किन्तु [illegible]
न [illegible] था।

लाभों पर : ———

आर्ष-ग्रन्थों में, स्थान स्थान पर इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि पूर्वजमाने में लोग उत्तम तन्दुरुस्ती वाले, बलिष्ठ, अखंड-वीर्य वाले, ~~अ~~ पूर्णआयु वाले ~~अकालम~~ और निरोग-शरीर थे। यही मुख्य कारण था कि- एक पुरुष के दो-चार, दो-तीन बच्चे होने - हजारों विकार होने पर भी उनके क्षीण वीर्य नहीं होते थे, रोगग्रस्त और अल्पायु नहीं होते थे - और इन्हीं सब कारणों से प्रायः मनुष्यों की अकाल मृत्युएँ नहीं होती थी — जिससे कि एक मनुष्य की मृत्यु हो जाने पर हजारों स्त्रियों को वैधव्य जीवन का दुःख भोगना पड़ता। यदि ऐसा न होता, कितने असमय हजारों नारियों के लाखों की अकाल मृत्यु हो जाती - और हजारों स्त्रियों को वैधव्य जीवन दुःख भोगना पड़ता - तो इनकी इसी वृद्धि विकास की प्रक्रिया ही बन्द हो जाती। परन्तु इस तरह के उदाहरण [illegible] प्रतिमाह कोई - अनेक बहुतायत मिलते हैं, या - रोज कहीं न कहीं मिलते हैं। और सतीत्वावलम्बियों की भी अकाल मृत्यु होती थी, वह भी अपना आयु पूरी करके ही मृत्यु होती थी - सिर्फ यह तो एक निर्धारित है कि [illegible] तथा से मृत्यु होना यदि आपलोगों के उन मृत्यु होने वाला इनके ने अकाल मृत्यु कहा है - आज जिसे लोग का पूर्ण आयु कर मरना होना कैसे कह सकते हैं - तो और निवेदन है कि यदि ~~प्रा~~तिनारायणों की आयुपूर्ण होती तो तो शास्त्रों में ~~चि~~ जो प्रत्येक ~~प्रत्येक~~ प्राणी की [illegible] आयु

कहते हैं - वह भैंस उनको लड़का है। यदि आप कहें - मिलावट है तब
आचार्य की अकाल मृत्यु हो जाती [illegible] — उनके लिए आवश्यक है कि दुराचार
योग की आवश्यक है लेकिन है। [illegible] नियोग से ही सन्तान उत्पन्न -
करने का विचार किया गया है। यहाँ यह विदित प्रतीत है [illegible] और
[illegible] में भावनी का [illegible] होती है
और इसलिए [illegible] की आयु [illegible] में बिलकुल -
[illegible] जाता है, [illegible] के [illegible]
जाते हैं। [illegible] द्वारा उनकी [illegible] है - और इस [illegible]
[illegible] द्वारा उनकी अकाल मृत्यु होना लिखा है। इन बातों से स्पष्ट
ज्ञात होता है कि [illegible] को [illegible] में ही
[illegible] होती थी। और [illegible] में ही [illegible]
[illegible] हो जाती थी। उनके [illegible] ~~[illegible]~~
में हो जाती थी। जिससे यदि कोई [illegible]
[illegible] शान्तिपूर्वक [illegible] अपना जीवन
[illegible] की [illegible]
बिताती थी। इसलिए [illegible]
तरह [illegible] नहीं थी। यदि [illegible]
दूसरे [illegible] में — एक ~~[illegible]~~ [illegible]
आपस में उनका [illegible] होता था - वे [illegible]
[illegible] में भी [illegible] रखती थी। [illegible]
[illegible] होता था - [illegible]
[illegible] करती थी।
[illegible] - कि प्रति [illegible]
[illegible] में इतने [illegible] आ जाते
यदि [illegible] दे सकती थी - जैसा कि [illegible] -
तो उनको [illegible] से विदित होता है। और [illegible]
[illegible] का [illegible] एक गाँव
का [illegible] - कि [illegible]
में पहुँच जाता था - तो [illegible] गाँव के [illegible]
[illegible] कर सकती थी। इन सब बातों से [illegible]
[illegible] है, कि [illegible] तो - [illegible]
तीसरे यदि [illegible]
का [illegible] लिखा
[illegible] है
होगा। लेकिन [illegible] कि [illegible]
है - अतः स्पष्ट सिद्ध है कि [illegible]
तरह [illegible] नहीं ~~[illegible]~~ किन्तु [illegible]
न [illegible] था।

किन्तु, आजकल की वर्तमान परिस्थिति पर विचार करते हुए यह बहुविवाह [illegible] हानिकारक है - क्योंकि - प्रथम तो इस प्रकार से स्त्री समाज की संख्या ही कम हो गई है। दूसरे मनुष्य, अल्पायु, रोगग्रस्त, क्षीणवीर्य वाले होते हैं - ऐसी परिस्थिति में यदि पुरुषों द्वारा बहु विवाह [illegible] किये जाते हैं - तो स्त्री समाज के साथ अन्याय हुआ - उनके द्वारा [illegible] उत्पन्न है - और उनको निर्बल बनाकर [illegible] से अनुचित व्यभिचार कराना है। दूसरे उन पुरुषों के साथ अन्याय होता है - जो स्वस्थ नीरोग शरीर, नवयुवक होते हुए भी कन्या के अभाव में तड़पते रहते हैं - ऐसी परिस्थिति में पुरुषों को बहुविवाह का होना ~~[illegible]~~ बहुत ही हानिकारक है - / [illegible]

दूसरे - जब आजकल पति-पत्नी दोनों में भी आपस में प्रेम नहीं रह सकता है, तो एक से अधिक होने पर, उनमें परस्पर तो फिर पूछना ही क्या है - [illegible] जहाँ तक देखा है [illegible] किसी मनुष्य की स्त्रियाँ हैं - तो वे दोनों ही आपस में एक दूसरे को विषदृष्टि से देखा करते हैं। और (प्रायः) यह भी देखा जाता है कि - बेचारा पति भी ~~[illegible]~~ उन दोनों के बीच पिसता हुआ कदाचित् उनके ही द्वारा काल-कवलित हो जाता है। और इस प्रकार से बहु विवाह आजकल कभी कामयाब नहीं रह सकता है।

तीसरे - आजकल मनुष्य, जिनको ब्रह्मचर्य [illegible] हुए - उनमें भी जैन समाज में उत्पन्न हुए मनुष्य प्रायः [illegible] क्षीण वीर्य वाले होते हैं। होवें क्यों न, जबकि उनके माता पिता ही क्षीणवीर्य वाले, रोगग्रस्त और अनेक औषधि सेवन से खोखले शरीर वाले होते हैं। ऐसी दशा में मनुष्य नियम से आकस्मिक मृत्यु को प्राप्त होते हैं - वीर्य का क्षीण होना ही आयु का [illegible] है। इससे बहुविवाह करने पर - नियम से स्त्रियाँ प्रायः विधवा हो जाती हैं। फिर इतने से ही कुशल नहीं है - हम आपसे यह पूछते हैं कि मनुष्य - अपनी विषय वासना पूर्ण करने के लिए वे बेचारी विधवायें और [illegible] व्यभिचार में प्रवृत्त हो जाती हैं और उनके गर्भ [illegible] निन्द्य व अत्याचार पूर्ण [illegible] हो जाते हैं। आज ऐसे [illegible] ऐसे स्थान मौजूद हैं - जहाँ बेचारी विधवायें घर या कुटुम्बियों [illegible] द्वारा [illegible] जाती हैं - और [illegible] धर्म मार्ग का [illegible] होकर [illegible] अधर्म व अन्याय का प्रचार होते हैं

यदि आज [illegible] समाज [illegible] — हम लोगों [illegible] होते हैं, [illegible] का विचार करते होते — हम [illegible] [illegible] नहीं देते, हम विधवाओं के साथ बलात्कार [illegible] उनका [illegible] नहीं करते, उनको [illegible] शिक्षा का [illegible] करते, तो [illegible] [illegible] जो सर्व-अवस्था में [illegible] आधीन है — [illegible] [illegible] चलतीं — [illegible] [illegible] नहीं [illegible]। और तो [illegible] — बेचारी विधवायें तो [illegible] समाज के [illegible] से [illegible] गर्भपात करती हैं — और [illegible] [illegible] की इच्छा के [illegible] से गर्भगिराने को तैयार नहीं होती हैं। उनके [illegible] का [illegible] गर्भगिराने के लिए [illegible] किया जाता है — इससे हम विधवायें [illegible] करें या नर-पिशाचों के [illegible]। [illegible] [illegible] का [illegible] करें — यदि आज हम, [illegible] समाज ही — हमलोग ही, [illegible] — यदि आज हम, [illegible] [illegible] धार्मिक शिक्षा देते — उनके जीवन-निर्वाह का प्रबन्ध करते, उनको [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] — [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] समझते होते तो [illegible] आज, [illegible] देखने को मिलती — जो दुखियां के नेत्रों पर आंसुओं की धारा बहा रही है। [illegible] [illegible] और टुकड़े टुकड़े कर रही है।

अफसोस इतना सब देखते और [illegible] हम आनन्द [illegible] रहे हैं — और [illegible] को दुखिया में [illegible] धर्मात्मा [illegible] रहते हैं और [illegible] [illegible] [illegible] रहते हैं।

इसलिए बहुविवाह किसी तरह वर्तमान में [illegible] नहीं है।

## ✓ पुरुष के पुनर्विवाह पर विचार

लोग, अधिकतर पुरुष के बहुविवाह और पुनर्विवाह को एक समझ करते हैं — लेकिन वास्तव में बात ऐसी नहीं है। एक स्त्री के रहते दूसरा विवाह या अनेक विवाह [illegible] उसको बहुविवाह कहते हैं और जो एक स्त्री के मर जाने पर दूसरा विवाह किया जाता है उसको पुरुष पुनर्विवाह कहते हैं। [illegible] दोनों में [illegible] भेद है।

पुरुष के बहुविवाह पर तो विचार हो चुके, अब विचार करना है — पुनर्विवाह पर। [illegible] प्रत्येक विचार [illegible] पद्धति से किया जाता है, एक लौकिक पद्धति, और दूसरी धार्मिक पद्धति। इसलिए इसका भी विचार [illegible] ही पद्धतियों से करते हैं।

लौकिक कार्य वही कहे जाते हैं, जहां तक उनके करने से [illegible] लाभ है, न करने से कोई दूषण नहीं है। इसी प्रकार धार्मिक कार्य भी वही तक और वे ही सिद्ध माने जाते हैं - जो आत्मकल्याण या आत्मोन्नति के साधन [illegible] तथा जो ध्यान के करने वाले हों, जिनके करते हुए निर्मल [illegible] के द्वारा मोक्ष के कारण हों, अतः जो वीतराग सर्वज्ञ के द्वारा प्रतिपादित है, जिसे गणधरों ने, महर्षियों ने उपदेश किया है, वही ही सत्य मार्ग है, वही मोक्ष का उपदेश देने वाला या संसार दुःख का नाश करने वाला है - और उसी की ही पद्धति, धार्मिक पद्धति कही जा सकती है। अब विचार यह है कि विवाह लौकिक कार्य की श्रेणी में है - या धार्मिक कार्य की श्रेणी में - जिससे उसी की पद्धति द्वारा विचार किया जा सके। इस विषय में यद्यपि विद्वानों के भिन्न भिन्न मत हैं, परन्तु मैं बहुत ऊहापोह के बाद मुझे जो अनुभव हुआ है, या मैं जिस विचार पर पहुंचा हूं, वह आप के सामने रखता हूं। वह यह है कि आदि पुराण जी, विवाह के विषय में यह आया है - कि प्रजा सन्तति के उत्पन्न होने से ही धर्म की सन्तान-परम्परा चल सकती है - यदि प्रजा की सन्तति का ही विनाश हो जाय, तो धर्म-परम्परा चलाने वाला [illegible] संसार में कौन रहेगा - अतः धर्म परम्परा के चलाने के कारण विवाह करना और सन्तान वैध रखना आवश्यक है - और यही गृहस्थ-धार्मिक [illegible]

इसी प्रकार सागार धर्मामृत में कहा है - कि धर्म सन्तति क्रम बढ़ती जावे, [illegible] अपने चारित्र और कुल की उन्नति हो, और देव, द्विज, अतिथि का सत्कार बराबर होता रहे - अतः [illegible] विवाह करे - इन वाक्यों [illegible] से पता चलता है। इन प्रमाणों से स्पष्ट सिद्ध होता है, कि विवाह धर्म [illegible] व धर्म परम्परा की सन्तति [illegible] मुख्य कारण है - इसलिए कारण में कार्य का उपचार कर विवाह को यदि धार्मिक कार्य माना जाय, तो कोई बाधा उपस्थित नहीं होती। अथवा इसलिए [illegible] जैसा कि मैं पहले लिख चुका हूं। और [illegible] का कारण होने से, जैन धर्म का [illegible] वीतरागता [illegible] है। [illegible] सन्तान पद्धति का कारण होने से यह धर्म मार्ग [illegible] नहीं कहा जा सकता इसलिए इसे लौकिक कार्य मानना पड़ेगा। और यही उपदेश [illegible] महर्षियों ने भी दिया है। अतः इसका विचार [illegible] पद्धति को देखना आवश्यक है।

**1930C Issues of social concern B**



ऐसी अवस्था में, यह (अब) पुरुष का पुनर्विवाह धर्मानुकूल नहीं है, न लोकानुकूल — लोकानुकूल ही समझा जा सकता भी नहीं हो सकता। क्योंकि इसके होने से जैन समाज की अवनति का संरक्षण भी विपरीत हो रहा है। जब यह पुरुष पुनर्विवाह धर्मानुकूल न लोकानुकूल — समाजानुकूल नहीं है तब किसी तरह होने योग्य भी नहीं है।

हाँ, जैसी परिस्थिति में आदि हो गई थी आज्ञा सर्वज्ञ भगवान ने दी थी, यदि कदाचित्, कभी आज भी वैसी ही अवस्था [illegible] उपस्थित हो — तो केवल एक पुनर्विवाह होने की आज्ञा समाज को देना — धर्मानुकूल कहा जा सकता है।

परन्तु आज, एक नहीं दो-दो तीन, कुछ लोग चार-चार, पांच-पांच विवाह केवल (अब) वासना पूर्ति के उद्देश्य से हो रहे हैं, जिसमें धर्माचरण या धर्म मर्यादा का लेश मात्र भी नहीं है। इसके विपरीत सर्व प्रकार अधर्म का द्वार है — तब मैं आप लोगों से ही पूछता हूँ कि क्या आज, (बहु) पुरुष पुनर्विवाह होना न्याय संगत है या धर्मानुकूल है?

हाँ, यहाँ आप यह प्रश्न उपस्थित कर सकते हैं कि यदि पुरुषों का पुनर्विवाह नहीं हो सकेगा — तो जिनकी संतान पैदा न होने की अकाल मृत्यु हो चुकी है — ऐसे सैकड़ों घराने बैठ जायेंगे — नष्ट हो जायेंगे — तो इसके जवाब में बस — तो इसके उत्तर में मेरा नम्र निवेदन है कि

१ — प्रथम तो — पुनर्विवाह करने वाले मनुष्य, दूसरी विवाहिता से सन्तानोत्पत्ति होगी यह ही चल सकते हैं — यदि सन्तान प्राप्ति हो सकती है — तो मुश्किल से १-२-३। शायद ही किसी मनुष्य के अधिक उम्र में पुनर्विवाह करने पर ४-५ संतान हुई हों। यदि इसी बात पर गहरी दृष्टि से अवलोकन करते हैं — तो — यही तथ्य पता चलता है कि — वह संतान भी यथार्थ संतान नहीं [illegible]। और यदि कदाचित् दूसरे पत्नी से असली भी सन्तान और १-२ भी हुई तो — भी क्या होगा — उसने क्या उद्धार कर दिया। वह भी तो नहीं होते हैं, ही बराबर ही होते हैं। यदि इसी बात पर दृष्टि से देखा जाय तो और भी बड़ा भारी धोखा यह है। [illegible] आता है कि — जो कन्या वह दे या पुनर्विवाहित पुरुष से विवाही [illegible] जा कर १-या २ संतान

पैदा करती है - यदि वही कन्या किसी नवयुवक से विवाह दी जावे - तो आप ही बतलाइये कि कितनी [illegible] देने पड़ेंगे तो, जो [illegible] नहीं [illegible] सन्तान पैदा कर सकती है। इस तरह भी पुनर्विवाह है [illegible] न्याय संगत नहीं है।

(हाशिये पर: माइयों / आर्थिक सन्तान)

तीसरे - जब [illegible] छोटे हुए २-२ या ४-४ विवाह करा कर १०-५ का जोड़े से घर आबाद किया जाते [illegible] नहीं जाती है - तब मैं पूछ लेता हूँ - कि यदि वे [illegible] नवयुवकों के विवाह हो जावें, तो २-२ [illegible] सैकड़ों घर, प्रतिवर्ष, नये आबाद होंगे।

चौथे - वर्तमान में - कन्याओं की संख्या घटती जाती है हमारे यदि उनकी संख्या काफी होती, तो उसमें पुनर्विवाह होते हुए भी कोई नुकसान नहीं था - परन्तु आज तो इसके बिलकुल विपरीत अवस्था है अतः [illegible] भी है इस लिए भी पुनर्विवाह कुल न्याय संगत नहीं कहा जा सकता।

लिए यहां वर्णों का विस्तार परिवर्तन होगया । किन्तु और जो अनादि
स्थान परिवर्तन या विस्तार परिवर्तन होगया । किन्तु अनादि निधन है वह
वास्तव में यही कहा जायगा कि - जो अनादि निधन है वह
अनादि निधन और अकीर्तित है और जो स्थापित, सादि
या कृत्रिम है वह, स्थापित, सादि या कृत्रिम ही होगा -
दोनों कभी एक नहीं हो सकते ।

तो यह बात तात्पर्य ~~व्यवस्था~~ का है कि जो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, और शूद्र वर्ण अनादि काल से चले आरहे हैं — वे अनादि, अकृत्रिम और ध्रुव हैं। और जो ब्राह्मण वर्ण महाराज भरत ने स्थापित किया — वह ~~अनादि~~ सादि, कृत्रिम और अनित्य है।

~~अतः यह बात सिद्ध होगई~~ कि जो वर्ण अनादि-अकृत्रिम और ध्रुव हैं — वे सादि, कृत्रिम, और अनित्य नहीं हो सकते, और जो वर्ण कृत्रिम, सादि, और अनित्य है — वह कभी अनादि, अकृत्रिम और ध्रुव नहीं हो सकता।

~~तीर्थंकरों ने~~ आदि ब्रह्मा ने जो वर्ण व्यवस्था की, सो — व्यवस्था करते समय उन्होंने यह नहीं विचारा कि मैं दुनिया के सामने आज कोई ~~अलौकिक~~ अपूर्व एवं कार्य कर रहा हूं — किन्तु यही विचार के — कि "पूर्वापर विदेहेषु या स्थितिः समवस्थिता अस्ति सा अद्य अत्र प्रवर्तनीया" अर्थात् विदेहों में जो स्थिति है वह ~~यहां भी~~ उसे यहां भी प्रचलित करना चाहिए। इससे स्पष्ट सिद्ध है कि उन्होंने वर्ण नई बनाई नहीं हैं किन्तु अनादि से जो चली आरही है — और जिससे लोग धर्मशिक्षा की तरह अर्थ काम पुरुषार्थ को भी उपार्जन कर सकते हैं — उसी को यहां भी चलाना चाहिए ~~यही~~ जिससे प्रजा उपार्जन करके जीवित रह सके।

अतः सर्वप्रथम यह सिद्ध है कि जो भी आदि ब्रह्मा ने वर्ण व्यवस्था की वह विदेह का अनादि है।

अब सिर्फ यहां पर २ प्रश्न खड़े होते हैं: —

१ — जब कि वर्ण व्यवस्था अनादि है, और उनमें ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य उच्चगोत्री और शूद्र वर्ण नीच गोत्री हैं — तब यह कैसे माना जाय — कि वैश्य या क्षत्रिय वर्ण की सभी लोग उच्चगोत्री हैं? क्योंकि कुल प्रमाण शत ८५ मनुष्यों का ... आदि ... सैकड़ों ... के ... जाते हैं?

२ — जब कि वर्ण व्यवस्था अनादि है — तब वर्ण लाभ ... कैसे मान लिया जावे? क्योंकि — अनादि होने से वर्ण को बदला जा सकता था?

अब दोनों प्रश्नों पर विचार किया जाता है।

प्रथम गुणस्थान पर विचार :—

जिस प्रकार अरहंतों—आदि के प्रति चढ़ते हुए भी गुणस्थान [illegible] रहते हैं — इसी प्रकार उनकी [illegible] होता है और जिस प्रकार परिणामों [illegible] उत्कृष्ट [illegible] प्रतिष्ठापना [illegible] होते हुए भी गुणस्थान [illegible] स्थानवर्ती ही कहलाता है — जब-तक कि अपने गुणस्थान की मर्यादा को उलंघन नहीं करता है। किन्तु जिस समय वह गुणस्थान की मर्यादा का उलंघन कर जाता है — तब वह उससे [illegible] पहिले गुणस्थान में चला जाता है। परन्तु इतना [illegible] स्वगुणस्थान-च्युत कहलाने लगता है। [illegible] आवलीपरिवर्तन होते हुए भी, द्रव्य दृष्टि से वह [illegible] उन्नति ही कहलाता है, लेकिन जब उसके वास्तविक [illegible] परिवर्तन दिखने लगता है — तो फिर वह मुनि [illegible] से पृथक् ही रहता होकर, लोग आदि कहने लगते।

ठीक इसी प्रकार गोत्र का [illegible] है कि जबतक आन्तरिक परिवर्तन के फल परिणामों में रहता है और बाह्य परिस्थिति पर कोई धक्का नहीं आता — तबतक वह उसी गोत्री पर कर्म [illegible] — जिसमें अवस्थित है। परन्तु जिस समय उसकी [illegible] शिथिल होती हुई [illegible] हो जाती — तुरन्त वह गोत्र पाप [illegible] कहलाता — परन्तु इसका नियम गुणस्थानों सरीखा समय [illegible] नहीं है — इसके लिए बहुत समय सुधरने का [illegible] के लिए माना गया है। और यही कारण है कि इनको गुणस्थानों सरीखी अन्तर्मुहूर्त की स्थिति न बताकर पीढ़ियों तक की बताई है — क्योंकि गोत्र का लक्षण पर [illegible] सन्तान क्रमेणागत जीवाचरणस्य गोत्रमिति संज्ञा।

अर्थात् — कुल परम्परा से आये हुए जीव के आचरण को गोत्र कहते हैं, ऐसा लक्षण करने का तात्पर्य यही है कि जो आचरण जितना अधिक मजबूत होगा — उतना ही — अधिक दिन टिकेगा।

इसलिए वास्तव में — जिसका आचरण अपने वर्ण की अपेक्षा [illegible] जाता है — उसको भी वर्ण भ्रष्ट ही समझना चाहिए। परन्तु इसका अर्थ यह नहीं है कि वह किसी मनुष्य के परिवर्तन होने से वर्ण में भी [illegible] जायगा — वह वर्ण का परिवर्तन [illegible] जायगी। क्योंकि [illegible] गुणस्थानों की तरह [illegible] रहते [illegible] परिवर्तन [illegible]

दूसरे प्रश्न का उत्तर यह है - कि जिस प्रकार मनुष्य अपने परिणामों में उन्नति करता हुआ उच्च स्थान पा जाता है या अवनति करता हुआ गिरता जाता है - लेकिन इतना सब कुछ होते हुए भी - चित्त [illegible] और इस में [illegible] किए - छूटे हुए स्थान की प्राप्ति नहीं हो सकती। इसलिए यह ठीक है कि मनुष्य अपने नैतिक आचरण भी उन्नत कर सकता है - परन्तु जब तक उसकी वर्ण [illegible] नहीं हो जाती है तब तक वह उस वर्ण का - जिसे स्वीकार करना चाहता है - नहीं कहला सकता। इसलिए नीच वर्ण वाले को उच्च वर्ण के लिए इस वर्ण [illegible] क्रिया को धारण किया जाता है। अत: वर्ण बदलने या नवीन वर्ण धारण करने पर भी वर्णव्यवस्था के अनादि होने में कोई धक्का नहीं लगता। हाँ, यदि यह नियम होता कि - जो जिस वर्ण में पैदा होता है - उसके परिणाम उसी तरह तद्रूप ही बने रहते हैं - अन्य वर्ण के [illegible] तो अवश्य यह कहना पड़ता कि वर्ण [illegible] नहीं हो सकता - या यह मानना पड़ता कि वर्णव्यवस्था अनादि नहीं है। सो ऐसा नियम तो जहाँ तक मेरा अनुभव है - कहीं भी देखने में नहीं आता।

वर्तमान [illegible] वर्ण परिवर्तन वर्तमान में [illegible]?

इस विषय पर वर्तमान में अनेक विचार हो रहे हैं - या अनेक प्रश्न हो रहे हैं - जिन पर विचार करना आवश्यक है?

कुछ महाशयों का कहना है कि चाहे, ईसाई हो या मुसलमान - और चाहे कोई हो या [illegible] क्यों न हो। सब हो शुद्ध उसका वर्ण बदल देना चाहिए। [illegible] ऐसा करने में कोई नुकसान नहीं है अत: [illegible] व्यवस्था [illegible] होना चाहिए" इत्यादि। और इस अपने मन्तव्य की सिद्धि के लिए [illegible] दुहाई दिया करते हैं - परन्तु संक्षेप में यही उत्तर दिया जाता है कि शास्त्रों में जो [illegible] नहीं है [illegible] अन्यथा नहीं। [illegible] जब [illegible] देखते हैं - कि हम लोग [illegible] - तब [illegible] - कि [illegible] लोग [illegible] में रख सकेंगे। [illegible] बना सकेंगे?

हां, यदि आज, हम लोग जैन धर्म में स्थिर रहते हुए, अपनी जाति या समाज के बच्चे बच्चों को शिक्षा देकर — उन्हें आजीविका के उपाय बताकर, और सदाचारी — धर्मनिष्ठ बना करके उन्हें धर्म में दृढ़ कर देते, तो समाज को इस बात का विश्वास हो जाता — कि अवश्य ही आप लोग इस कार्य में सफल होंगे — या संसार में जैन धर्म का डंका बजा सकेंगे। परन्तु जब समाज देखती है कि ये सुधारक लोग, वास्तविक सुधार न करके, समाज को मनमानी उच्छृंखलता के प्रवाह में प्रवाहित कराना चाहते हैं — लोगों में धर्मश्रद्धा की बजाय [illegible] पैदा करना चाहते हैं — भारतीय सभ्यता को तिलांजलि देकर पाश्चात्य सभ्यता को अपनाना चाहते हैं — तब ऐसी दशा में समाज आपके कार्य को — इस वर्णपरिवर्तन के कार्य को कैसे ठीक कह सकती है।

दूसरे — वर्णपरिवर्तन का असली अभिप्राय है — कि जिस मनुष्य के नीच गोत्री कुल कई पीढ़ियों से शुद्ध चला आ रहा है, जिस कुल में कई पीढ़ियों से मद्य मांस का ग्रहण नहीं हुआ है — और ऐसे किसी मनुष्य के यदि मिथ्या विचार बिलकुल मन्द उदय हो जावे — सद्धर्म प्राप्ति की तरफ उसकी रुचि दिन प्रतिदिन बढ़ रही हो — तो ऐसे मनुष्य का उच्च गोत्र में या उच्च वर्ण में परिवर्तन कर दिया जाय। क्योंकि ऊंच या नीच गोत्र से ही एकाएक आचरण नहीं बदल जाता — जैसा सुधारक लोग मान रहे हैं।

जिस मनुष्य के कुल में परम्परा से लोग मद्य मांस का भक्षण करते चले आ रहे हैं — यदि उस कुल का कोई एक मनुष्य मद्य मांस नहीं भी खावे तो क्या वह ऊंच गोत्री कहा जा सकता है? कभी नहीं। क्योंकि — उस के शरीर की रचना उस रज वीर्य के संयोग से हुई है — जिसके अंश आहार मद्य और मांस से पुष्ट हो गए हैं — और उसके फिर संस्कार से संस्कारित किया गया है।

अतः यह समझो कि जिसने आज मद्य मांस का त्याग किया है — वह चिर संस्कार से रहित हो जाय! या इसी जन्म में पूर्ण ब्राह्मण बने। बहुधा देखा गया है कि जो मनुष्य आज मांस खाना छोड़ देता है — कुछ दिन बाद मनुष्य उसी को मांस खाते हुए देखते हैं। मेरे सामने स्वयं ऐसी घटनाएं हुई हैं — जिससे मुझे यह दृढ़ विश्वास हो गया है कि वर्तमान युग में वर्ण परिवर्तन की व्यवस्था कायम नहीं की जा सकती। संस्कार बड़ा प्रबल माना गया है — यदि किसी को पूर्वजन्म के विद्याभ्यास का संस्कार हो — तो वह अल्प समय में बहुत शीघ्र विद्वान हो जाता है — या किसी को पूर्वजन्म का कोई बुरा संस्कार लगा हुआ हो — तो वह उच्च वर्ण में पैदा होकर भी नीच कार्य करता है या स्वयं पतित होकर इतना मुसलमान बन जाता है — और इस बात के अभी आज तक भी उदाहरण विद्यमान हैं — अतः यह बिलकुल सिद्ध बात है कि जिस मनुष्य का पूर्व जो संस्कार होगा —

आत्मोन्नति में उसी प्रकार का आचरण होना चाहिए, कारण है कि आचार्यों ने ऊंच नीच गोत्र की व्यवस्था एक भव के आचरण से नहीं- संतान क्रम से आगत जीव के आचरण से की है। जैसा कि गोम्मटसार कर्मकाण्ड में कहा है—

संताणकमेणागयजीवायरणस्स गोदमिदि सण्णा।

इस प्रकार जब यह बात सिद्ध हो गई- कि किसी भी कुप्रवृत्ति के कारण एक भव का लोकाचार गोत्र परिवर्तन नहीं हो सकता, तो फिर वर्ण परिवर्तन से क्या लाभ हुआ? उत्तर मिलेगा- कुछ भी नहीं।

यदि यह कहा जावे- कि वह संयमासंयम का स्वामी हो जाता है- यह कौन कम बात है? तो इसके उत्तर में यही कहना है- कि इसका त्याग तो वह अपनी जाति में रहते हुए भी कर सकता है।

यदि यह कहा जावे कि वर्ण परिवर्तन से जैन जाति की संख्या वृद्धि होगी- तो भी ठीक नहीं- क्योंकि कलिकाल में संगति का असर बहुत भारी पड़ता है- यहां तक कि- लौकिक बातों की तो कहे कौन, धार्मिक कार्यों में भी उसका कुप्रभाव पड़ता है। हम इतने दृढ़ नहीं, कि जो दूसरों को अपनी तरफ परिणमन करा सकें- प्रत्युत भारतीय जो आज कल करने में सबसे सिद्धहस्त माने जाते हैं। अतः इस कारण भी वर्ण परिवर्तन ठीक नहीं।

यदि वर्ण परिवर्तन का अर्थ जैन धर्म का प्रसार करना है- तो इसका प्रसार, बिना वर्ण बदले भी हो सकता है। और इसकी तो बहुत आवश्यकता भी है इसलिए अजैनों के वास्ते आचार्यों ने उपदेश देने का विधान किया है- जैसा कि कहा है—

कुधर्मस्थोऽपि सद्धर्मं लघुकर्मतयाऽद्विषन्।

भद्रः स देश्यो द्रव्यत्वान्नाभद्रस्तद्विपर्ययात्॥

यदि कोई मनुष्य कुधर्म में स्थित भी हो- और मिथ्यात्व के उदय से सद्धर्म से द्वेष नहीं करता हो- तो वह भी उपदेश देने योग्य है- क्योंकि आगामी काल में उसके सम्यग्दर्शनादि गुण पैदा होने की संभावना पाई जाती है। परन्तु इसके विपरीत अभद्र को- तीव्र कषायी को उपदेश देना ठीक नहीं। क्योंकि उसमें द्रव्यत्व का अभाव है।

अतः सुधारकों का कर्तव्य है कि वे अपने सुधार छोड़कर जैन धर्म का प्रचार करना सीखें- इसी में उनका जातिपरिवर्तन ... कुंजी- व्यर्थ में वर्णपरिवर्तन की झंझट में न पड़ें।



इतिहास से भी यह स्पष्ट प्रमाणित है- कि पहले पहले यहां के सनातन धर्मी अपनी अपनी जाति में रहते हुए ही लोगों ने जैन धर्म का सेवन करते थे- न कि अपनी जाति छोड़कर। उनके साथ खानपान एक था, पीछे भेद हो जाते थे। तीर्थंकर भगवान के समवशरण में सब जाति के जीव जाते थे- सभी जाकर अपने अपने स्थान पर बैठते थे, धर्मोपदेश लाभ करते थे- किन्तु फिर भी भगवान ने यह उपदेश नहीं दिया कि- तुम सब एक होकर खानपान एक करलो। इसका मतलब [illegible] जिनके आचरण ऊंचे हैं उन्हें समान जाति वालों के साथ ही रोटी- बेटी व्यवहार होना चाहिए। नीच वर्णों को जैनी बनाकर उनके साथ रोटी- बेटी व्यवहार करना योग्य नहीं है। [illegible]

# अन्तर्जातीय-विवाह पर विचार

जैन समाज के वैश्य वर्ग की अन्तर्जातियों (उपजातियों) पर विचार हो चुका है. अब विचार है - अन्तर्जातियों के परस्पर विवाह पर। जातियों की उत्पत्ति पर [illegible] सामान्यतः किसी समय उपजातियों की उत्पत्ति [illegible] आपस में मतभेद रहा होगा, ~~[illegible]~~ यही कारण है - कि उपजातियों की संख्या इतनी अधिक बढ़ी - और ~~[illegible]~~ परस्पर में इतना [illegible] देखते हैं - कि इन उपजातियों में ~~[illegible]~~ परस्पर कोई भी धार्मिक भेद नहीं है - और एक प्रान्त में बसने वाली अनेक उपजातियों में रोटी व्यवहार तक चालू है - ऐसे होते हुए भी जब धार्मिक कोई बाधा उपस्थित नहीं होती - तो समझ में नहीं आता - कि लोग आजकल उसके होने में आपत्ति [illegible] - मैंने जहां तक इस पर विचार किया - यही धार्मिक [illegible] बतलाते हैं - [illegible] कोई भी धार्मिक भेद नहीं है, जिनका निर्णय हुआ - कि जिन जातियों में आपस में कोई भी धार्मिक भेद नहीं है, और जो एक प्रान्त में बसने वाली हैं - रोटी व्यवहार परस्पर में चालू है, उन उपजातियों में परस्पर विवाह सम्बन्ध करने में कोई भी धार्मिक बाधा नहीं है।

हां, जिन लोगों का यह कहना है कि जैन समाज में परस्पर रोटी बेटी व्यवहार चालू होना चाहिए - जिसका यह अर्थ भी निकलता है कि जिन जैन जातियों में विधवा विवाह होता है - उनके साथ भी रोटी-बेटी व्यवहार चालू होना चाहिए उसमें कोई भी नुकसान नहीं है - ~~[illegible]~~

ऐसे विचार वालों से मैं पूछता हूं - कि विधवा-विवाह वालों के साथ रोटी बेटी व्यवहार करना - विधवा विवाह का समर्थन करना नहीं है? क्या उनके कार्य की पुष्टि करना नहीं है। अतः [illegible] मार्ग यही है कि जिन जातियों में कोई भी धार्मिक भेद नहीं है / जिनके आचरण व चारित्र एक से हैं जो [illegible] नहीं हैं जिनमें विधवा विवाह या [illegible] प्रचलित नहीं है, ऐसी उपजातियों के साथ सम्बन्ध करने में कोई भी धार्मिक आघात नहीं होता है - ऐसे [illegible] धर्मविरुद्ध कहना एकान्त का पक्षपात है

कुछ लोग इसको विधवा विवाह की भूमिका [illegible] बतलाते हैं - और इसी लिए इसके प्रचार से डरते हैं कि यदि आज [illegible] तो कल ये सुधारक लोग विधवा विवाह [illegible] की भी आवश्यकता बताने लगेंगे क्योंकि सुधारकों में से कई लोग [illegible] के [illegible] हुए हैं - उनको [illegible] इत्यादि / तो इस बात को मैं मानता हूं कि [illegible] उनके उद्देश्य भी [illegible]

## जैन समाज के उन्नत होने का मार्ग - १

धर्म बन्धुओ, वर्तमान जैन समाज की अवस्था किसी भी मनुष्य से छिपी हुई नहीं है। एवं उसकी उन्नति के लिए अभी तक जातीय, प्रान्तीय एवं सार्वजनिक सभा सोसाइटियों ने बहुत कुछ प्रयत्न भी किया है। और मुझे जहां तक मालूम है - काफी सफलता भी प्राप्त हुई है। परन्तु अब भी - इतना होने पर भी यदि बुन्देलखण्ड के छोटे २ गांवों में जाकर देखा जाय - तो वहां पर अभी तक कुछ भी प्रकाश नहीं पहुंचा है। सभी स्थान बराबर अज्ञानान्धकार में पड़े हुए हैं। वहां के रहने वाले भाइयों को अभी तक इतना भी पता नहीं है कि हमारी समाज की जाति की कोई सभा है? तथा हमारी जाति की कोई शिक्षा है? इन बुन्देलखण्ड के छोटे २ गांवों में जाकर जब हम उनकी गरीब एवं अशिक्षित दशा को देखते हैं - तो आंसुओं की धारा बह निकलती है - वहां पर सैकड़ों ५० आदमी अनविवाहित हैं - जो विवाहित हैं - उनके आजीविका का जीवन निर्वाह का कोई भी साधन नहीं है फिर उनकी सन्तान की शिक्षा - दीक्षा की तो बात ही क्या है उसकी प्रबन्ध व्यवस्था तो वहां होता ही कौन है। प्रथम तो सभाओं की ओर से कोई उपदेशक ही नियुक्त नहीं है। यदि कोई उपदेशक किसी सभा की तरफ से उपदेशार्थ भ्रमण करते भी हैं - तो प्राय: रेलवे स्टेशन - मोटर स्टेशन - या प्रसिद्ध २ गांव में जाकर ही भ्रमण समाप्त कर देते हैं। सभायें भी इस बात पर कोई ध्यान नहीं देती है, या - यों कहना चाहिए - कि सभाओं के कार्यकर्ताओं को स्वयं अपने कार्यों से फुरसत नहीं मिलती है तो फिर कार्य की कौन कहे, समाज में जागृति करे, एवं शिक्षा और [illegible] प्रवृत्ति ही कौन करे? अतएव इस लेख में समाज का ध्यान आकर्षित कर - समाज से निवेदन करता हूं। कि - प्रथम तो वह उन्हीं मनुष्यों के हाथ में शासन सौंपे - जिनके हृदय में समाज का वास्तविक चित्र - अंकित हो, जो हृदय से समाज के उद्धार की भावना भाते हों, जिनको समाज की कार्य-प्रणाली से प्यार हो - एवं जो निःस्वार्थी, और उदार त्यागी, उदारमना और शिक्षित हों। यह अवस्था केवल परवार-समाज की नहीं है - परन्तु गोलापूर्व, गोलालारे आदि समस्त बुन्देलखण्ड वासिनी जैन जाति मात्र की है। और समस्त बुन्देलखण्डवासी जैन समाज से मेरा यह निवेदन है [illegible]

इसके बाद, बुन्देलखण्ड के मुख्य २ ग्रामों मे स्थान खोलें, उनमें जहां तक हो - आनरेरी काम करने वाले, उत्साही शिक्षित मनुष्यों को प्रचार (उपदेशक) का कार्य सौंपे उनका आशालता सभाओं का कुछ (सोध्य उद्देश्य प्रत्येक ग्राम में करने का रहे। जब तक ग्राम संगठन नहीं होगा - ग्रामों २ के गरीब अनाथ और असहाय बच्चे शिक्षित और आजीविका सम्पन्न नहीं होंगे, तब तक यह गरीब और अशिक्षित बुन्देलखण्ड उन्नत ~~और शिक्षा सम्पन्न~~ नहीं हो सकेगा। तब तक बुन्देलखण्ड जैनों का सिद्ध क्षेत्र और अतिशय क्षेत्रों की उन्नति हो सकेगी। अतः सरकार सभा के इस विभाग के अधीन भिन्न-भिन्न, प्रान्तों और ग्रामों से आये हुए, प्रतिनिधियों ~~का~~ जैन समाज के उत्थान का ~~उपाय~~ और सरल उपाय निर्णय का आवेंगे। जिससे समस्त बुन्देलखण्ड और मध्यप्रान्त और बरार प्रान्त की जैन जाति शीघ्र उद्धार हो सके। यदि इस मौके पर इस महत्वपूर्ण प्रश्न पर, विचार नहीं हो सकेगा, - यह प्रश्न न हो सकेगा - तो मेरे ख्याल से - आगे निकट भविष्य या चतुर्थोवीं अधिवेशन में इस बात ~~पर~~ शायद निर्णय हो सकेगा।

मैंने, इस महत्त्वपूर्ण प्रश्न पर, जहां तक विचार किया है, - और जहां तक खोज की है, उसका संक्षेप आपलोगों के सामने निवेदन करता हूं - आशा है आप लोग इस पर भली भांति विचार करेंगे - और विचार करके यदि यह ठीक जँचे, - तो उसको कार्यरूप में परिणत ~~करने की कोशिश~~ प्रयत्न करें।

बुन्देलखण्ड और मध्य प्रान्त के अन्दर, श्री सोनागिर श्री द्रोणगिर और श्री नयनागिर ये तीन सिद्ध क्षेत्र और श्री पपौरा, श्री कुंडलपुर श्री [illegible] रामटेक ये तीन अतिशय क्षेत्र मुख्य हैं। इनमें से श्री सोनागिर और द्रोणगिर को छोड़कर शेष क्षेत्रों पर पाठशालायें भी स्थापित हैं। और प्रत्येक क्षेत्र के आस-पास के प्रान्त में कम से कम १०० सौ गांव ऐसे होंगे जहां पर जैन जातियों के घर अधिक तादाद में अवश्य होंगे। एवं इन्हीं क्षेत्रों के आस-पास में २-२ या ४-४ लखपती पार धनाढ्य अवश्य ही निवास करने वाले निकलेंगे।

यदि इन्हीं क्षेत्रों पर स्थित, पाठशालाओं को, विशाल रूप दिया जावे और उस क्षेत्र से सम्बन्ध रखने वाले आस-पास के ग्रामों का एक एक मुखिया उस विद्यालय का सभासद् बनाया जावे। उनका कर्तव्य हो कि वे अपने अपने गांव से कम से कम १ एक छात्र अवश्य ही पासवाले क्षेत्र पर की पाठशाला में पूरे खर्चे के भेजें। अर्थात् अपने अपने गांव से कम से कम ५/६ मासिक या १०/ रु० मासिक एक छात्र के खर्चों का इन्तजाम चन्दा द्वारा करके क्षेत्र की पाठशाला में भेज दें। यदि इस तरह से, प्रत्येक ग्राम से, कम से कम, एक ही छात्र, मय खर्चे के, पाठशाला में पहुंचेगा तो सहज ही पाठशाला में, १०० छात्र और १०००/ रु० या कम से कम ५००/ रु० की मासिक आमदनी सहज ही में हो जावेगी। और यों आमदनी होने से विद्यालय या पाठशाला का खर्च आनन्द से चल सकेगा।

इस प्रकार की पाठशाला या विद्यालयों में नये ढंग का पठन-क्रम रक्खा — विशेष से कम क्रियात्मक रक्खा जावे — जिसमें धार्मिक और संस्कृत पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक, औद्योगिक लौकिक — महाजनी और [illegible] शिल्प कला की शिक्षा भी बराबर के साथ दी जावे।

इस ढंग की पाठशालाओं में छात्र १० वर्ष की अवस्था से भर्ती किए जावें और उनसे १० वर्ष का [illegible] [illegible] उनके माता-पिता से।

प्रकाशित समझा जावे। साथ ही साथ प्रवेश होते ही प्रत्येक छात्र को ~~[illegible]~~ यज्ञोपवीत संस्कार करा, पाठशाला में रहते पर्यन्त उन्हें ब्रह्मचर्य की शिक्षा दी जावे और पीत-वस्त्र धारण कराये जावें।

ऐसी संस्थाओं के अधिष्ठाता व प्रबन्धक ब्रह्मचारी रहें। जिससे समय समय पर ब्रह्मचर्य और ओजस्विता की शिक्षा मिलती रहे। अध्यापक - अनुभवी विद्वान् रक्खे जावें। साथ ही साथ प्रत्येक संस्था में एक प्रचारक रहे, जो बारह महीने घूमा करे, और ग्रामों से आनेवाले चन्दा को एवं अन्य चन्दों को उगाता रहे। यदि इसी भांति संस्थायें पांच-पांच सौ क्षेत्रों पर खोल दी जावें, तो और पांच-पांच सौ पांच ब्रह्मचारी या स्वार्थ त्यागी नियुक्त किए जावें एवं ऊपर बतलाये गए मार्ग का अनुसरण किया जावे तो सहज ही में संस्थाओं का कार्य चल सकता है। ऐसा होने से और १० वर्ष के भीतर ५००० विद्वान् तैयार हो सकेंगे जो पूर्ण विद्वान्, वैदिक और नाना प्रकार की लौकिक शिक्षा सम्पन्न होंगे, जो, ~~[illegible]~~ स्वयं ही अपने अपने ग्राम की उन्नति करते हुए अपने ग्रामवासियों को शिक्षित बना सकेंगे।

(१) ~~इस~~ ऐसा करने में एक बड़ी भारी सुविधा यह होगा - कि ऊपर बतलाये गए क्षेत्रों में से ४ क्षेत्र रियासतों के भीतर हैं - जहां पर गल्ला - घी आदि आवश्यक सामान बहुत ही सस्ता रहता है। ~~[illegible]~~ वर्तमान में प्रायः बड़ी संस्थायें शहरों में हैं, जहां पर कि - भोजन खर्च, रियासत वाली संस्थाओं से आधे का दूना या उससे भी अधिक पड़ता है।

(२) दूसरे - यदि प्रयत्न किया जावे - तो ऐसी संस्थाओं को देशी राज्यों की ओर से भी बहुत कुछ सहायता प्राप्त हो सकती है। जैसे वर्तमान में ग्वालियर राज्यान्तर्गत कई जैन संस्थाओं को मासिक या वार्षिक सहायता प्राप्त होती है।

(3) तीसरे ~~यदि~~ ऐसी संस्थाओं में छात्रों को जब समय समय पर सामाजिक शिक्षा मिलेगी – तो संस्थाओं से बाहिर निकलते ही, वे ही छात्र, सभाओं के उद्देश्यों को सरलता से, जन साधारण में, प्रकाशित कर सकेंगे। क्योंकि यह मानी हुई बात है, कि किसी देश की उन्नति उसके छात्रों पर ही निर्भर है।

(4) चौथे – ~~इससे बड़ा~~ ऐसा करने में बड़ा भारी सुभीता यह होगा – कि संस्थाओं के कार्य संचालकों को कभी भी रुपये की जटिल समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

(5) पांचवें – ऐसी संस्थाओं के क्षेत्रों पर रहने से, क्षेत्रों का बड़ा भारी प्रबन्ध सरलता से होता रहेगा। उनकी रक्षा के लिए जो ~~कि~~ मुनीम नौकर पुजारी आदि कई आदमी रक्खे जाते हैं – उनको नहीं रखना पड़ेगा – या उनसे ही संस्थाओं को बड़ी सहायता मिल सकेगी।

(6) छठवें संस्थाओं के प्रत्येक छात्र को यदि – प्रतिदिन पूजन करने का नियम बना दिया जावेगा। तो क्षेत्र पर स्थित ७५-७५ विशाल जिन मन्दिरों की पूजन भी प्रतिदिन सरलता से हो सकेगी। जो कि बड़े भारी धर्म प्रभावना का कारण होगी.

(7) सातवें – वहां से पढ़कर निकलने वाले छात्रों का, १० वर्ष तक नित्य-पूजन करने का, दृढ़ अभ्यास रहेगा – जिससे वे गृहस्थ- शेष जीवन में भी प्रतिदिन पूजन आदि धर्म-अंगों का विधि वत् पालन करेंगे।

वर्तमान में – शिक्षा शालाओं में, इस बात पर कोई लक्ष्य नहीं दिया जाता है – यही कारण है – कि वर्तमान में, समाज में फैले हुए विद्वान्, पूजन के उत्तम फल को जानते हुए भी, पूजन नहीं करते – या – पूजन करने में अपनी तुच्छ मान – हानि समझते हैं – और इसी कारण से अब गांव गांव में पुजारियों की संख्या वृद्धि हो रही है। इत्यादि। अतः ये बड़ी भारी कमी भी, उपर्युक्त नियम की कड़ाई से – समाज से शीघ्र दूर हो जावेगी.

(8)

आठवें – शहरों की दूषित वायु से, छात्र प्रायः चारित्र-भ्रष्ट होजाते हैं और या, छोटी उम्र में काम-विकार होजाने से दुबले पतले, निर्बल, पीले पीले, खुली हुई आंखों वाले, चश्मुद्दीन और अकर्मण्य होजाते हैं । इसी कारण कई पढ़नेवाले, होनहार सुपुत्र, भी अकाल में ही काल के गाल में चले जाते हैं । और विधवाओं की संख्या बढ़ जाती है । अतः उपर्युक्त दंगली शालाओं में जब 40 वर्ष तक ब्रह्मचर्य और योग्य आहार विहार के साथ पूर्ण शारीरिक शिक्षा प्राप्त करेंगे तब संस्थाओं से निकलने के बाद अवश्य ही स्वयं सुखी होते हुए अपने ग्राम में शारीरिक और धार्मिक शिक्षा का प्रचार सफलता से कर सकेंगे ।

नवें – आधुनिक शालाओं में औद्योगिक शिक्षा का प्रबन्ध न होने से पढ़कर निकलनेवालों को जो आजीविका की जटिल-समस्या सामने आ जाती है – और जिसके कारण अच्छे २ होनहार सुपुत्र, नौकरी के फेर में पड़कर समाजसेवा से वञ्चित रहजाते हैं। वह भी सरलता से हल होजावेगी।

अतएव इस प्रस्ताव पर, समाज-उद्धार के इस मुख्य उपाय पर आपलोग खूब अच्छी तरह विचार करें, और साथ ही तदनुकूल कार्यरूप में परिणत करें।

क्या ही अच्छा हो, यदि, किसी भी क्षेत्र की आसपास की पाठशालायें - क्षेत्र पर ही खोल दी जावें। जिससे छोटी २ अनेक शालाओं की एक बड़ी आदर्श संस्था बन कर - आदर्श कार्य सरलता से कर सके।

मेरे इस निवेदन पर, बुन्देलखण्ड और मध्यप्रान्त वासी समस्त जैन समाज को - चाहे वे परवार हों या चाहे गोलापूर्व या गोलालारे - दोनों [illegible] को - सभी को ध्यान देकर विचार करना चाहिए। और साथ ही साथ - जिस जाति के हाथ में, जो क्षेत्र या जिसके पास में जो क्षेत्र हो - उसे वहां अग्रसर होकर संस्था खोलने के लिए कटिबद्ध होना चाहिए। तभी समाज का कल्याण, प्रस्ताव पास करना, और लम्बे चौड़े व्याख्यान झाड़ना और लजन्य जहां समाजों में आज साधक है। तभी वास्तव में आपलोग समाज-हितैषी और धर्मात्मा कहला सकेंगे।

दमोह वालों के पास में कुंडलपुर क्षेत्र है, सागर वालों के पास में श्री नैनागिर क्षेत्र है, टीकमगढ़ वालों के पास में श्री पपौरा क्षेत्र है, ललितपुर और लश्कर, [illegible] वालों के पास में [illegible] गोलाकोट और ग्वालियर वालों के पास में श्री सोनागिर क्षेत्र है - नागपुर वालों के पास में श्री रामटेक क्षेत्र है अतः उपर्युक्त स्थानों पर रहने वाले [illegible] इस बात पर तो - अब शीघ्र ही ध्यान देना चाहिए।

१ ✓१ समाज में, अपेक्षा [illegible] व उनकी समालोचना
२ ✓२ शिक्षा संस्थाओं - व शिक्षा प्रणाली।
३ [illegible] वर्तमान पंचायत का ढंग.
४ [illegible] जैन अनाथालय [illegible]
५ - जैन समाचारपत्र व उनकी समालोचना.
६ - बाबू पंडित का मतभेद।
[illegible] वर्तमान समय में आवश्यकता

श्री

श्री वीतरागाय नमः



## विवाह — समीक्षा

### विवाह का उद्देश्य

संसार में मनुष्य मात्र को विवाह करना आवश्यक माना गया है। यदि पुरुष या स्त्री समाज विवाह न करे, तो सृष्टि ही बन्द हो जाये। सामाजिक और धार्मिक सब कार्य रुक जायें — ढीले पड़ जायें। इसलिए धर्म और कुल की परम्परा अविच्छिन्न रूप से चली जावे — इसी हेतु से विवाह करना आवश्यक माना गया है।

यद्यपि विवाह का उद्देश्य अन्य मतावलम्बी अपने-अपने ढंग से मानते हैं। उनका कहना है कि यदि गृहस्थ पुरुष विवाह न करे — यज्ञादि के समय धर्मपत्नी को अपने पास न बैठावे, तो वह, उस क्रियाकांड के फल को प्राप्त नहीं होता है — उसे स्वर्गादि की प्राप्ति नहीं होती है। वह पिता के ऋण से तब तक उऋण नहीं हो सकता, जब तक वह सन्तान पैदा न करे इत्यादि। परन्तु जैनधर्म इस विषय में कुछ विलक्षण ही आज्ञा देता है। उसका मूल उद्देश्य संसार-बन्धन मुक्त होना = या मोक्ष प्राप्ति है। और इसीलिए उसने गृहस्थाश्रम की अपेक्षा ब्रह्मचर्याश्रम को, प्रधान माना है। राग परिणति की अपेक्षा विराग = परिणति को ही मुख्य स्थान दिया है। परन्तु जो मनुष्य अपने को विराग धारण करने के योग्य नहीं समझता है, अपनी असमर्थता को प्रगट करता है, उसी के लिए जैनधर्म ने, आचार्यों ने, गृहस्थाश्रम में रहकर धर्मानुकूल आचरण करते हुए जीवन बिताने की आज्ञा दी है। और इसीलिए गृहस्थाश्रम के प्रत्येक कार्य में गृहस्थ को लौकिक कार्य करते हुए, अपने कार्य को धर्मानुकूल या धर्माविरुद्ध देखना आवश्यक माना गया है। अतएव जिन लोगों का यह ख्याल है कि "विवाह लौकिक कार्य है, इसमें धर्म अधर्म के चर्चा की कोई आवश्यकता नहीं", ठीक नहीं है। क्योंकि इसको तो एक ही बार प्रत्येक बुद्धिमान मनुष्य स्वीकार करेगा, कि जब जैनधर्म का मूल उद्देश्य संसार-बन्धन मुक्त होना माना गया है, तब संसार में फंसाने वाले विषयों की प्रवृत्ति को कैसे जैनधर्म की आज्ञा मानी जाय! परन्तु इसका मतलब यह नहीं हो सकता है, कि उसको लौकिक कार्य बतला कर धर्माचरण का उद्देश्य ही उस पर से हटा दिया जाय।

क्योंकि मैं पहिले बतला चुका हूं, कि यदि मुनिव्रत धारण करने की सामर्थ्य नहीं है, तो गृहस्थाश्रम में रहते हुए धर्मानुकूल प्रवृत्ति करे। और वीतराग मार्ग को अपना मूल उद्देश्य माने। अतः जैन-धर्मानुसार विवाह का मुख्य उद्देश्य क्या है, इस बात को पाठकों के सामने रखता हूं। धर्मशास्त्र की आज्ञा है कि:—

धर्मसन्ततिमक्लिष्टां, रतिं वृत्तकुलोन्नतिम्।
देवादिसत्कृतिं चेच्छन्, सत्कन्यां यत्नतो वहेत्॥

सागार धर्मामृत।

धर्म की परम्परा क्रमबद्ध चली जावे, उसमें कोई बाधा न उपस्थित न हो, संक्लेश रहित रति हो, अपने चारित्र की और कुल की उन्नति हो, देव-पूजन, पात्रदान आदि की प्रवृत्ति बनी रहे, इसलिए, या इन बातों की लालसा रखते हुए ही सत्कन्या से विवाह करे।

अब जिन लोगों ने संख्या-वृद्धि करने को ही विवाह का उद्देश मान रक्खा है, या केवल अपनी विषय-वासना को संयत रखना ही उसका उद्देश्य माना है, मेरा उन लोगों से पूंछना है, कि क्या कभी आपने विवाह के पवित्र उद्देश्य पर विचार किया है? इसी प्रकार श्री नाभिराय ने श्री १००८ आदिनाथ भगवान से विवाह के लिए प्रार्थना करते हुए कहा है कि:—

ततः कलत्रमेष्टव्यं परिणेतुं मनः कुरु।
प्रजासन्ततिरेवं हि नोच्छेत्स्यति विदांवर॥
प्रजासन्तत्यविच्छेदे तनुते धर्मसन्ततिः।
मनुष्व मानवं धर्मं ततो देवेनमच्युतं॥
देवेमं गृहिणां धर्मं विद्धि दारपरिग्रहं।
सन्तानरक्षणे यत्नः कार्यो हि गृहमेधिनाम्॥ आदिपुराण

हे देव, मैं जानता हूं, कि आप संसार देह भोगों से बिलकुल उदास हैं, लेकिन तो भी जबतक आपका दीक्षाकाल नहीं आया है, तबतक को स्त्री से विवाह करने के लिए आप मनको करें। क्योंकि ऐसा करने से हे विदांवर, प्रजा की परम्परा का विनाश न होगा। प्रजासन्तति के अविच्छेद होने पर ही संसार में धर्म की परम्परा आगामी तक चल सकेगी। अतः हे देव यह विवाह करना मानव-धर्म है, इसे आप स्वीकार कीजिए।

हे देव, दार-परिग्रह को — स्त्री से विवाह करने को गृहस्थ धर्म कहते हैं। यह आपको स्वीकार करना चाहिए। धर्मशास्त्र कहता है कि गृहस्थों को सन्तान के रक्षण में हमेशा प्रयत्न करना चाहिए। इत्यादि।

इस प्रकार इस युग के प्रारंभ में सर्वप्रथम श्री नाभिराय ने विवाह का उद्देश्य बतलाते हुए श्री आदि ब्रह्मा से विवाह की प्रार्थना की, जिसे उन्होंने "ओम्" कहकर स्वीकार किया।

## बहु विवाह और उसके हानि लाभों पर विचार

जिस समय कर्मभूमि के प्रारंभ में, इस बहु विवाह की प्रथा प्रारंभ हुई थी, उस समय जन संख्या बहुत कम थी, भोगभूमि के प्रत्येक दम्पति से एक युगल संतान होने का नियम मिट चुका था, मनुष्यों की आयु भी भोगभूमि की अपेक्षा बहुत कम रह गई थी। साथ ही उनके जीवन-निर्वाह का प्रश्न भी सामने आ खड़ा हुआ था, लोग पाप-पुण्य और बन्ध-मोक्ष को समझने लगे थे, उनके हृदय में संयम-धारण करने के भाव पैदा होने लगे थे, तब ऐसे समय में, मनुष्यों को शान्ति-पूर्वक, निरुपद्रव, जीवन-निर्वाह करते हुए, आगामी कालों धर्म सन्तति को क्रम-बद्ध चलाते हुए, अपने आत्म-कल्याण या आत्मोद्धार का प्रश्न सामने खड़ा था, इत्यादि कारणों से तात्कालिक पुरुषों को बहु विवाह करना आवश्यक होगया — और लोगों में बहु विवाह की प्रथा फैल गई।

दूसरे उस समय कन्याओं की भी संख्या अधिक थी, या यों कहना चाहिए, कि उनकी उत्पत्ति अधिक संख्या में होती थी, जिससे भी बहु विवाह करना आवश्यक होगया था। और यही कारण था, कि जिसको सामने रख कर आदि ब्रह्मा ने असवर्ण-विवाह का भी विधान किया, उसका उपदेश दिया, और उसके होते हुए भी धार्मिक कार्यों में बाधा नहीं बतलाई।

यह तो हुआ, बहु विवाह की उत्पत्ति पर विचार, अब उसके हानि लाभों पर विचार किया जाता है।

आर्ष-ग्रन्थों में स्थान-स्थान पर इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि पूर्व जमाने में लोग उत्तम संहनन-धारी, बलिष्ठ, असंख्य वीर्यवाले, पूर्ण पुष्ट और सबल नीरोग शरीर होते थे, यही मुख्य कारण था, कि एक पुरुष के दो चार की तो कहे कौन, हजारों विवाह होने पर भी पुरुष क्षीणवीर्य नहीं होते थे, रोग-ग्रस्त और अल्पायु नहीं होते थे। और इन्हीं सब कारणों से मनुष्यों की अकाल मृत्यु भी नहीं होती थी, जिससे कि एक मनुष्य की मृत्यु हो जाने पर हजारों स्त्रियों को वैधव्य-जीवन का दुःख भोगना पड़ता। यदि कदाचित उस समय हजारों नारियों के स्वामी की अकाल-मृत्यु हो जाती, और हजारों स्त्रियों को वैधव्य-जीवन का दुःख भोगना पड़ता, तो पुरुषों के —

प्रीति-भाव रखती थीं, उन सबका आचरण धर्मानुकूल होता था; वे सांसारिक-भोगोपभोगों को भोगती हुईं, गृहस्थ धर्म का विधिवत् पालन करती थीं। वे गृहस्थ-धर्म में इतनी दक्ष होती थीं, कि प्रसिद्ध-पुरुषों की तो कहे कौन, यदि एक दरिद्र से दरिद्र मनुष्य के घर भी मुनिराज आहार को आ जाते थे, तो उनको निर्दोष और निरन्तराय आहार दे सकती थीं। जैसा कि अकृत-पुण्य की माता या अन्य कथाओं से विदित होता है। यही कारण था, कि उस समय हजारों मुनियों का संघ भी एक साथ किसी मामूली गांव में पहुंच जाता था, तो उस गांव के श्रावक-श्राविकायें उनको विधि-वत् निर्दोष आहार दे सकती थीं। इन सब बातों से स्पष्ट जाना जाता है, कि उस समय बहुविवाह की प्रथा किसी भी प्रकार हानिकारक नहीं थी।

तीसरे, यदि यह प्रथा हानिकारक होती, तो स्वयं तीर्थंकर क्यों अनेक विवाह करते। या जैसे महर्षियों ने अन्य निषिद्ध-कार्यों के करने का निषेध किया है, वैसे ही बाहुल्यता से प्रचलित इस बहुविवाह की प्रथा का भी निषेध करते। परन्तु इस प्रकार के उपदेश का विधान किसी भी ग्रन्थ में नहीं मिलता। इससे स्पष्ट सिद्ध है, कि उस समय बहुविवाह किसी भी तरह हानिकारक नहीं था, किन्तु सर्वप्रकार लाभ-दायक व उपयोगी था।

परन्तु वर्तमान परिस्थिति पर विचार करते हुए कहना पड़ता है कि यह बहुविवाह बहुत हानिकारक है, क्योंकि आजकल प्रथम तो स्त्री समाज की संख्या ही बहुत कम है। दूसरे मनुष्य, अल्पायु, रोगग्रस्त, क्षीणवीर्य वाले और दरिद्र हैं; ऐसी परिस्थिति में भी यदि पुरुषों को बहुविवाह की आज्ञा दी जाती है, या दी जावे, तो एक तो स्त्री समाज के प्रति अन्याय होकर उनको [illegible] में आ जाता है, उनको विधवा बनाकर भ्रूणहत्या में व गुप्त-व्यभिचार कराता है। दूसरे उन पुरुषों के साथ अन्याय करता है, जो स्वस्थ, नीरोग-शरीर, नवयुवक होते हुए भी, कन्याओं के लिए तड़पते रहते हैं। ऐसी अवस्था में पुरुषों के बहुविवाह होना बहुत ही हानिकारक है।

तीसरे, जब आजकल एक माता के उदर से पैदा हुई दो बहिनें भी अशिक्षा के कारण आपस में प्रेम भाव से नहीं रह सकती हैं, तो फिर सौत के होते हुए, उनके परस्पर की तो पूछना ही क्या है? मैंने तो यहां तक देखा है, कि यदि किसी मनुष्य की दो स्त्रियां हैं, तो वे दोनों ही आपस में एक दूसरे को विष देकर मारने के लिए तैयार रहती हैं। नौबत यहां तक पहुंचती है, कि बेचारा पति भी सदा सन्तप्त-चित्त रहता हुआ, उनके द्वारा काल-कवलित हो जाता है। अतः इस प्रकार भी वर्तमान में बहुविवाह का होना श्रेयस्कर नहीं है।

चौथे, आजकल के मनुष्य, जिनमें खास कर आजकल के पैदा हुए, उनमें भी जैन समाज में उत्पन्न हुए मनुष्य स्वभाव से ही क्षीणवीर्य वाले होते हैं, होवें-क्यों न, जब उनके माता-पिता ही क्षीणवीर्य वाले, रोगग्रस्त और आजकल औषधि सेवन करके रखे हुए शरीर वाले होते हैं। ऐसी दशा में मनुष्य नियम से असामयिक मृत्यु को प्राप्त होते हैं। वीर्य का क्षीण होना ही आयु का अन्त करने वाला है। इसलिए बहुविवाह करने पर प्रायः स्त्रियां नियम से विधवा में हो जाती हैं। फिर इतने से ही कुशल नहीं है। हम आप में से ही सैकड़ों मनुष्य अपनी विषय वासना तृप्त करने के लिए बेचारी विधवाओं को पाप-पथ में प्रवृत्त कराते हैं। और उनको इस प्रकार गर्भ गिराने सरीखी निन्द्य व अत्याचार पूर्ण पाप-प्रथा को चलाते हैं। आज सैकड़ों ऐसे दृष्टान्त मौजूद हैं, जहां बेचारी विधवायें घर या कुटुम्ब के ही मनुष्यों द्वारा भ्रष्ट कर दी जाती हैं। और बात प्रगट होने पर बेचारी निरपराध अबलायें घर से निकाल दी जाती हैं, जाति व धर्म से भ्रष्ट कर दी जाती हैं। और वे भी बाल बाल बच जाते हैं। इसे हम सामाजिक अन्याय, या पुरुषों के अत्याचार नहीं कहें, तो क्या कहें।

वास्तव में देखा जाय, तो हम लोग ही धर्म मार्ग और शील व्रत को भंग कर अधर्म व अन्याय का प्रचार करते हैं। यदि आज पुरुष समाज की — हम लोगों की वृत्ति संयत होती, हम धर्म अधर्म का विचार करते होते, कुरीतियों को समाज में घुसने नहीं देते, हम विधवाओं के साथ बलात्कार कर उनको शील भ्रष्ट न करते, उनको गर्भ गिराने की शिक्षा या उपायन बताते, —

तो बेचारी स्त्रियां, जो सर्व अवस्था में पुरुष समाज के अधीन हैं — कभी भी अधर्म-मार्ग पर नहीं चलतीं; — उसे स्वीकार नहीं करतीं। और तो क्या बेचारी विधवायें, जो पुरुष-समाज के अन्याय से व्यभिचार कर गर्भ धारण करती हैं, और सन्तान का मुख देखने की इच्छा से, मोह से, गर्भ गिराने को तैयार नहीं होती हैं, उनको तीर्थ-यात्रा का बहाना बनाकर जबरदस्ती, गर्भ गिराने के लिए बाध्य किया जाता है। इसको हम विधवाओं के कुकर्म कहें, या नर-पिशाचों के दुष्कर्म? अतः सर्वप्रकार उसका समाज ही, हमलोग ही दोषी हैं। यदि आज हम उनको शील व्रत का पाठ पढ़ाकर धार्मिक-शिक्षा देते, उनके जीवन-निर्वाह का प्रबन्ध करते, उनको गृहस्थी के सभी अच्छे बुरे काम करने वाली नौकरानी-दासी, या इससे भी बढ़कर, — मैले लाल को खाने वाली, चाण्डालिनी न मानते, होते, तो क्या आज ये दशा देखने को मिलती, जो दुनियां के नेत्रों पर आंसुओं की धारा बहा रही है। बज्र से बज्र हृदय को भी टुकड़े कर रही है।

अफसोस, इतना सब देखते और सुनते हुए भी हमलोग आनन्द की नींद सो रहे हैं, और अपने को दुनियां में सब से बड़ा धर्मात्मा मान रहे हैं, बिना कुछ करते हुए भी, समाज को व्यर्थ का स्वप्न देख रहे हैं। अतएव वर्तमान में बहु विवाह सर्व प्रकार अन्याय-पूर्ण, दुराचार का प्रवर्तक, समाज के अधःपतन को कराने वाला ही सिद्ध होता है। और कि उससे लाभ होने की बात तो बहुत दूर है।

# पुरुष के पुनर्विवाह पर विचार

लोग अभी तक पुरुष के बहुविवाह और पुनर्विवाह को एक समझते हैं, लेकिन वास्तव में बात ऐसी नहीं है। एक स्त्री के रहते हुए जो दूसरा विवाह या अनेक विवाह किए जाते हैं, उसे बहु विवाह कहते हैं। और जो एक स्त्री की मृत्यु हो जाने पर दूसरा या अनेक विवाह किये जाते हैं, उसे पुनर्विवाह कहते हैं। यह दोनों में लक्षण-भेद है। पुरुष के बहुविवाह पर तो विचार कर चुके, अब पुनर्विवाह पर विचार करते हैं।

प्रत्येक बात का विचार दो तरीकों से किया जाता है, एक लौकिक-पद्धति और दूसरी धार्मिक-पद्धति से। इसलिए इस बार भी विचार हम दोनों ही पद्धतियों से करते हैं।

लौकिक-कार्य वहीं तक ठीक माने जाते हैं, जहां तक उनके करते हुए सम्यक्त्व में हानि या व्रत में कोई दूषण न आवे। इसी प्रकार धार्मिक-कार्य भी वे ही और वहीं तक ठीक माने जाते हैं, जो आत्म-कल्याण या आत्मोद्धार के साथ-साथ, समाजोत्थान के करने वाले हों। जिनके करते हुए मिथ्यात्व से सद्धर्म का लाभ हो कर मोक्ष-सुख की प्राप्ति हो। अतः जो वीतराग सर्वज्ञ-देव के द्वारा प्रतिपादित मार्ग है। जिसे गणधरों ने-महर्षियों ने उपदेश दिया है, वही ही सत्य मार्ग है, वही ही मोक्ष सुख का देने वाला और संसार-दुःख का नाश करने वाला है। उसकी पद्धति का नाम ही धार्मिक-पद्धति है।

अब विचार यह है कि विवाह लौकिक कार्यों की श्रेणी में है, या धार्मिक-कार्यों की श्रेणी में। जिससे उसी पद्धति के अनुसार उस पर विचार किया जा सके। इस विषय में यद्यपि विद्वानों के भिन्न-भिन्न मत हैं, परन्तु बहुत ऊहापोह के बाद मुझे जो अनुभव हुआ है, या मैं जिस विचार पर पहुंचा हूं, वह आप लोगों के सामने रखता हूं।

विवाह के विषय में श्री महापुराण की आज्ञा है ~~कि प्रजा~~ सन्तति के अविच्छेद होने पर ही धर्म की सन्तान परम्परा-बढ़ सकती है। यदि प्रजा की सन्तति का ही विनाश हो जाय, तो फिर धर्म की परम्परा किसके आश्रय चल सकती है। अतः धर्म-परम्परा के चलाने के वास्ते विवाह करना, ~~[illegible]~~ और सन्तान पैदा करना आवश्यक माना गया है। और यही गृहस्थ-धर्म है जैसा कि "विवाह के उद्देश्य" में हम बतला चुके हैं। इसलिए विवाह गृहस्थ-धर्म को विधिवत् पालने का और धर्म की सन्तान संसार में रखने का मुख्य कारण है।

अतः कारण से कार्य का उपचार कर विवाह को यदि धार्मिक कार्य माना जाय, तो कोई बाधा उपस्थित नहीं होती है। अथवा इसलिए कहा, कि जैनधर्म का मूल उद्देश्य वीतरागता की प्राप्ति है। जैसा कि पहिले बतलाया जा चुका है। और सरागता का कारण होने से, संसार की प्रवृत्ति का कारण होने से यह धर्ममार्ग नहीं माना जा सकता। इसलिए इसे लौकिक कार्य भी मानना पड़ेगा। और यही उपदेश हमारे महर्षियों ने भी दिया है। अतः पुनर्विवाह पर विचार करना दोनों ही पद्धतियों से परम आवश्यक है।

जिस समय मनुष्य पूर्ण आयु वाले होते थे, धर्म पर जिनका दृढ़-विश्वास होता था, जो धर्म और समाज जो जाति के कार्यों को अपने प्राणों की रक्षा से भी बढ़कर मानते, और उनके करने में सदा दत्त-चित्त रहते थे। जिनका यह मुख्य-उद्देश्य था, कि "संपल्लाभ फलं पुंसां सज्जनानां हि पोषणम्" अर्थात्- सम्पत्तिलाभ का फल सज्जनों का पोषण करना ही है, जो धर्म सेवा के लिए धन कमाते थे, जिनका जीवन ही परोपकार के लिए होता था, जो अपनी विभूति को ही परार्थ समझते थे, जिनके जिम्मे धर्म व समाज के अनेक कार्य होते थे, ऐसे —

# विजातीय विवाहपर कुछ सम्मतियाँ।

२

(गतांकसे आगे)

**श्रीमान् पं० हीरालालजी न्यायतीर्थ** भूतपूर्व धर्माध्यापक स्याद्वाद विद्यालय काशी और वर्तमान प्रधानाध्यापक जैन पाठशाला सादूमर एक सुयोग्य विद्वान हैं। आप हमारे पत्रके उत्तरमें लिखते हैं—

'जैनमित्र' में विजातीय विवाहके पक्षमें जो आपके लेख निकले हैं उन्हें मैंने अच्छी तरह पढ़ा है व विचार भी किया है। सन् १९१९से मेरे हृदयमें ये ही विचार उठा करते थे कि क्या बात है—कि जैन समाजके अन्तर्गत जातियोंमें रोटीव्यवहार होनेपर भी बेटीव्यवहार नहीं होता है? शास्त्रोंपर विचार करनेसे यही निर्णय होता है कि जैन विजातीय विवाह किसी भी प्रकार धर्म विरुद्ध नहीं है। हां यह मान सकते हैं कि किसी जमानेमें कोई खास कारणके आजानेसे परवार, अग्रवाल इत्यादि रूपमें दलबंदी होना ठीक था अथवा इसी रूपमें हुई होगी। जबकि उसकी बड़ी आवश्यक्ता पड़ी होगी मगर जब देखते हैं कि अकबरके जमानेसे आज तक जैनियोंकी संख्या करोड़ोंसे लाखों पर पहुँच चुकी है, दिनपर दिन अवनति होरही है, पारस्परिक विद्वेष—दावानल बढ़ रहा है, तो यही विश्वास होता है कि विजातीय विवाह ही विश्व प्रेमका प्रसार करेगा और तभी हम एकताके सूत्रमें बंध सकेंगे। मुझे तो परवार सभा, गोलापूर्व सभा इत्यादि डेढ़ डेढ़ चांवलकी खीचड़ी पकाने-वालों पर भी बड़ा अफसोस होता है कि क्या हम अपने सहधर्मी भाईको नीचे ढकेलकर उन्नत बन सकेंगे? इसलिये मेरी समझमें विजातीयविवाह किसी भी प्रकार धर्मविरुद्ध नहीं है और उसका होना अतीव आवश्यक है इसमें मेरी पूर्ण सम्मति है।

निवेदक—हीरालाल जैन न्यायतीर्थ।

From Jainmitr 1933

श्री

श्रीमान् राय बहादुर धर्मवीर वयोवृद्ध पूज्य सेठ साहब की सेवामें

सविनय पांवाधोक

पूज्यवर ,

आपकी धर्मपरायणता, वत्सलता, करुणा आदि गुणोंपर मैं अत्यंत मुग्ध हूं। इच्छा नहीं होती कि आपका दुष्प्राप्य सत्संग छोड़कर अन्यत्र जाऊँ, परन्तु दैव बलवान् है। अस्तु।

आपने अपने जीवनमें सहस्त्रों शास्त्रों का स्वाध्याय कर इस बात का भलिभांति निश्चय किया है, कि इस दुःखमय संसार में मिथ्यात्व जैसा प्रबल दुखदायक अन्य कोई शत्रु नहीं है। आचार्यों ने कहा है—

अधोमध्योर्ध्व लोकेषु, नाभून्नास्ति न भाविता।
तद्दुखं यन्नदीयेत मिथ्यात्वेन महारिणा॥

अर्थात् अधोलोक, और ऊर्ध्वलोक मध्यलोक में ऐसा कोई दुख न था न है न होगा जो कि मिथ्यात्वरूपी महावैरी के द्वारा न दिया जाता हो।ऽ

इसी प्रकार आपने यह भी निश्चित किया है कि इस अशरण संसारमें सम्यक्त्व (जैनधर्म) के समान उत्तम सुखदायक परममित्र भी कोई नही है। जैसा कि आचार्यों ने कहा है—

अधोमध्योर्ध्व लोकेषु नाभून्नास्ति न भाविता।
तत् सुखं यन्न दीयेत सम्यक्त्वेन सुबन्धुना॥

अर्थात् त्रिलोक और त्रिकालमें ऐसा वह कोई सुख नहीं है जिसे कि सम्यक्त्वरूपी परमबन्धु न देता हो।

मेरे कहने का सारांश यही है जिसे मैंने एक बार पहिले भी सेवामें प्रगट किया था, कि जैसे आप अपनी पुत्रियों को एक जरा से फोड़े आदि से दुःखी होनेपर उसके सुखी होने की रात्रीदिन चिन्ता करते हैं, क्या वैसी चिन्ता आपको अपनी प्यारी पुत्रियों को मिथ्यात्व जैसे महा दुःखों के सागर में फेंक देनेपर नहीं होती होगी? अवश्य होती होगी। परन्तु कुलरूढि रीति रिवाज आदि के कारण आप मौन धरकर रह जाते हैं। यह मैं भलीभांति जानता हूं। परन्तु यह कार्य इतना छोटा नहीं कि केवल रीति रिवाज के कारण उसकी उपेक्षा कर दी जाय।

यह ठीक है कि समाज इस विषयमें कुछ भी आपसे नहीं कह सकता क्योंकि आप बदलेमें अजैनों की लड़कियां लेते हैं। किन्तु मैं आपका एक तुच्छ सेवक होने से स्वामी के नाते से यह कह रहा हूं कि आप अपनी पुत्रियों को मिथ्यात्वियों को देना बंद करदें। यदि आप अपनी पुत्रियां अजैनों को देना बन्द न कर सकें तो कमसेकम उनको रानी चेलना जैसी धर्म शिक्षिता तो अवश्य करदें, जिससे कि वे विधर्मियों के यहां जानेपर स्वयं को ही नहीं अपितु पति के कुटुम्ब तक को सम्यक्त्व मार्गपर चलाने के लिये समर्थ हो सकें।

आपका नम्र सेवक—

हीरालाल जैन न्यायतीर्थ